


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 54 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 7 दिसंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...

### सेना झंडा दिवसः सैनिकों के कल्याण के लिए सीएम बघेल ने किया सहयोग, कहा-यह दिन पवित्र भावना का प्रतीक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सैनिकों के कल्याण के लिए अंशदान किया। मुख्यमंत्री बघेल से छत्तीसगढ़ सैनिक कल्याण बोर्ड के संचालक विवेक शर्मा ब्रिगेडियर (विशिष्ट सेवा मंडल) वी.ने बुधवार को राज्य के गरियाबंद जिले के विश्राम गृह में सुबह मुलाकात की। मुख्यमंत्री बघेल को इस अवसर पर ब्रिगेडियर शर्मा ने प्रतीकात्मक झंडा लगाकर सहयोग राशि प्राप्त की।

मुख्यमंत्री बघेल ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर देश के बहादुर जवानों और उनके परिजनों का आभार प्रकट किया। सीएम बघेल ने अपने संदेश में कहा है कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमारे देश के जांबाज सैनिकों और उनके परिवारजनों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को महसूस करने और उसमें अपना योगदान देने की पवित्र भावना का प्रतीक है।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गरियाबंद को दी 219 करोड़ रूपये के विकास कार्यो की सौगात

**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान गरियाबंद जिलेवासियों को कुल 219 करोड़ 47 लाख 25 हजार रूपये के 447 विकास कार्यो की सौगात दी। जिनमें 25 करोड़ 30 लाख 38 हजार रूपये के 141 कार्यो का लोकार्पण एवं 194 करोड़ 16 लाख 87 हजार रूपये के 306 कार्यो का भूमिपूजन शामिल हैं।

6 सितंबर को राजिम विधानसभा में मुख्यमंत्री बघेल 68 करोड़ 59 लाख 93 हजार रूपये लागत का 203 विकास कार्यो का सौगात दी। जबकि आज उन्होंने बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा में कुल 150 करोड़ 87 लाख 32 हजार रूपये लागत के 244 विकास कार्यो की सौगात दी।

# एमसीडी में आप की सरकार

## आप की 111 सीटों पर जीत, बढ़त बरकरार, 91 पर भाजपा तो 6 सीट पर कांग्रेस का कब्जा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली नगर निगम के 250 वार्डों के लिए मतगणना जारी है। अब तक आए परिणाम में आप ने 111 सीटों पर जीत दर्ज की है। 91 सीटों पर भाजपा जीती है। कांग्रेस ने भी छह सीटों पर जीत हासिल कर ली है। वहीं, एक सीट पर निर्दलीय ने कब्जा जमाया है। यहां 15 साल से भाजपा का कब्जा रहा। आम आदमी पार्टी कार्यालय की छत पर स्टेज तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आने की संभावना है। वहीं समाचार छपे जाने तक मतगणना जारी है।




### अब 15 साल की एमसीडी को भी उखाड़ दियाः मान

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि MCD में हम शानदार जीत दर्ज करने वाले हैं। अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस की 15 साल की सत्ता को दिल्ली से उखाड़ा था। अब 15 साल की MCD को भी उखाड़ दिया। लोग नफरत की राजनीति को पसंद नहीं करते शिक्षा, बिजली, सफाई को वोट देते हैं। अब दिल्ली की सफाइ होगी।

### आप ने 111 सीटों पर जीत दर्ज की

दिल्ली नगर निगम के 250 वार्डों के लिए मतगणना जारी है। अब तक आए परिणाम में आप ने 111 सीटों पर जीत दर्ज की है। 91 सीटों पर भाजपा जीती है। कांग्रेस ने भी छह सीटों पर जीत हासिल कर ली है। वहीं, एक सीट पर निर्दलीय ने कब्जा जमाया है।

### शुरुआत में कभी भाजपा, तो कभी आप आगे रही

सुबह आठ बजे जैसे ही शुरुआती रुझान आए भाजपा और आप में कड़ी टक्कर देखने को मिली। शुरुआती दो घंटे में दोनों दलों की सीटों में 10 से 20 सीटों का अंतर रहा। कभी भाजपा आगे तो कभी आप आगे दिखी। लेकिन सुबह 10.30 बजे के बाद हालात बदले और आप ने भाजपा पर बढ़त बना ली।

श्रद्धा मर्डर केस

## कातिल की पुलिस को खुली चुनौती दम हो तो शव के टुकड़े और हथियार बरामद करके दिखाओ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई की श्रद्धा वालकर हत्याकांड के आरोपी आफ्ताब अमीन पूनावाला (28) ने महरौली पुलिस को खुली चुनौती दी है, आफ्ताब ने कहा है कि श्रद्धा को मैंने मारा है, दम है तो शरीर के टुकड़े व औजार बरामद करके दिखाओ। वह इस चुनौती को बार-बार दोहरा रहा है। आरोपी की इस चुनौती को लेकर दक्षिण जिला पुलिस अधिकारी भी सकते में हैं। पुलिस को उसके आत्मविश्वास को देखकर ताज्जुब हो रहा है। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त बताया कि जब महरौली पुलिस ने आरोपी को पकड़ा था तो आफ्ताब ने कहा था कि मैंने श्रद्धा की हत्या की है। दम है तो शरीर के टुकड़े बरामद करके दिखाओ। वह इस चुनौती को अब लगातार दोहरा रहा है।

### आरोपी आफताब को जंगल में लेकर पहुंची पुलिस

पुलिस श्रद्धा के सिर व धड़ को अभी तक बरामद नहीं कर पाई है। छतरपुर के जंगल से बरामद जबड़ा व 100 फुटा रोड से बरामद शरीर के टुकड़े से पता लग है कि वह किसी महिला के टुकड़े हैं। पुलिस शरीर के टुकड़े बरामद करने के लिए इस्तेमाल किए गए औजार अभी तक बरामद नहीं कर पाई है। हालांकि, पुलिस ने रसोई से पांच चाकू बरामद किए हैं। इनसे आरोपी ने श्रद्धा के शरीर के टुकड़े करने में इस्तेमाल किया था।

## फ्लैक्स लगाने के दौरान हाईटेंशन तार की चपेट में आया मजदूर, करंट लगते ही मौके पर तोड़ा दम

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** फ्लैक्स लगाने की होड़ में एक शख्स दुर्ग जिला मुख्यालय में हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। बुरी तरह झुलसने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना मंगलवार को समृद्धि मार्केट के सामने की है। जहां उरला अटल निवास निवासी उमेश धनकर फ्लैक्स लगाने के लिए एक पोल पर चढ़ा था। तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया।

### नहीं पहने थे ग्लब्स

पुलिस ने बताया कि मृतक समृद्धि मार्केट के सामने फ्लैक्स लगाने गया था। परसराम ने फ्लैक्स बांधते समय ग्लब्स, सेफ्टी बेल्ट या अन्य सेफ्टी उपकरणों का उपयोग नहीं किया था। जिससे वह हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पद्मनाभपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

### ठेकेदार की सामने आई लापरवाही

पुलिस ने बताया कि मारुति एडवर्टाइजमेंट होल्डिंग कंपनी ने शहर में होर्डिंग्स लगाने का ठेका हेमराज पटेल (33वर्ष) सुपेला दक्षिण गंगोत्री को दिया है। मारुति एडवर्टाइजिंग कंपनी और पेटी ठेकेदार दोनों ने सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया। उनके द्वारा मजदूरों को सुरक्षा उपकरण मुहैया नहीं कराए गए। इसी लापरवाही के चलते 50 वर्षीय परसराम की जान करंट लगने से गई।

### नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस का स्टॉपेज नहीं मिलने से नाराज हुए सांसद, रेल मंत्री को लिखा पत्र

**राजनांदगांव।** 11 दिसंबर से चलने वाली नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को राजनांदगांव में स्टॉपेज नहीं मिलने से स्थानीय सांसद और लोग नाराज हो गए हैं। राजनांदगांव भाजपा सांसद संतोष पांडेय ने लोगों के आक्रोश को देखते हुए स्टॉपेज की मांग करते हुए केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर स्टॉपेज की मांग की है।

#### लोगों ने मांगा स्टॉपेज

बता दें कि रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल में नागपुर से बिलासपुर के बीच 11 दिसम्बर से वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन शुरू किया जा रहा है। वंदे भारत एक्सप्रेस का राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में स्टॉपेज नहीं दिया गया है। इस ट्रेन का स्टॉपेज नागपुर से गोंदिया फिर दुर्ग से रायपुर फिर महासमुंद के बाद बिलासपुर में दिया गया है। ऐसे में राजनांदगांव में ट्रेन का स्टॉपेज नहीं होने से क्षेत्र की जनता में आक्रोश देखा जा रहा है। क्षेत्र की जनता की भावनाओं को देखते हुए सांसद संतोष पांडेय ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी चौबे को पत्र लिख कर वंदे भारत एक्सप्रेस का स्टॉपेज राजनांदगांव स्टेशन में देने की मांग की है।


### अपनी जाति छिपाना महिला सरपंच को पड़ गया भारी जांच में खुल गई पोल, अब पद से हटाया

**खैरागढ़।** खैरागढ़ जिले के एक गांव में अपनी जाति छिपाकर सरपंच बनीं महिला को उसके पद से हटा दिया गया है। ठेलकाडीह सरपंच बनी जूली नेताम को सरपंच पद से हटा दिया गया है। इसी साल जनवरी में हुए चुनाव में ठेलकाडीह के अनुसुचित जनजाति के लिए आरक्षित सरपंच पद पर जुली नेताम निर्विरोध निर्वाचित हुई थीं। सरपंच बनी जुली द्वारा जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं करने और अपनी जाति छिपाने सहित नेताम के अनुसूचित जनजाति वर्ग से नहीं आने के चलते गांव के आनंद बंजारे ने एसडीएम के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। सरपंच चुनाव में जुली नेताम द्वारा जाति की गलत जानकारी दिए जाने, शपथपत्र में गलत सूचना देने, जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं करनें और जुली नेताम के परिवार द्वारा अनुसुचित जाति में दर्ज बेलदार वर्ग का आरक्षण उपयोग करने की शिकायत की गई थी।

35 फीट गहरे बोरवेल में गिरा 6 साल का मासूम बच्चा

## पिता से बोला..पापा यहां बहुत अंधेरा है, मुझे डर लग रहा, जल्दी निकालो

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के मांडवी गांव में 6 साल का एक मासूम बच्चा बोरवेल में गिर गया है। मंगलवार देर शाम हुए इस हादसे में बच्चा बोर में 35 फीट गहराई पर फंसा हुआ है। बच्चे को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। अभी तक मासूम को बोरवेल से निकालने में सफलता नहीं मिली है। मिली जानकारी केअ अनुसार हादसा मंगलवार शाम करीब 5 बजे हुआ। 6 साल का तन्मय दूसरे बच्चों के साथ छुपन-छुपाई खेल रहा था। उसी दौरान वह गहरे बोरवेल में गिर गया। आवाज लगाने पर बोरवेल के भीतर से बच्चे की आवाज आई। इस पर परिवारवालों ने तत्काल बैतूल और आठनेर पुलिस को सूचना दी।



### कलेक्टर, एसपी मौके पर डटे

कलेक्टर अमनबीर बैंस ने बताया कि बच्चे के हाथ में रस्सी बांधकर उसे ऊपर खींचने की कोशिश की गई, वो करीब 12 फीट ऊपर भी आ गया था। लेकिन इसी बीच रस्सी खुल गई और वो वहीं अटक गया। रात 12 बजे से साइड में एक नए गड्ढे को खोदने का काम शुरू करते हुए बच्चे को निकालने की कोशिश की जा रही है। तीन जेसीबी मशीन की मदद से बोरवेल से 30 फीट दूर समानांतर गड्ढा खोदा जा रहा है। कैमरे में बच्चे का मूवमेंट कम नजर आ रहा है। एनडीआरएफकी टीम भी मौके पर है।

### सीएम ने किया ट्वीट

बच्चे के सकुशल रेस्क्यू के लिए सीएम शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा है कि इस पूरे रेस्क्यू अभियान पर मैंने नजर रखी हुई है। जल्द ही मासूम को निकाल लिया जाएगा। बतां दें कि रेस्क्यू शुरू होने के बाद सबसे पहले बच्चे के लिए बोरवेल में ऑक्सीजन पाइप डाला गया, फिर सीसीटीवी कैमरा डाला गया। मौके पर एसडीआरएपु की टीमें मौजूद हैं।

## संविधान के प्रस्तावना पर कालिख

## चरोदा में जन आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

- चरोदा रेलवे कालोनी के जोन वन में अज्ञात व्यक्ति ने की करतूत
- नाराज अंबेडकरवादियों ने कार्रवाई के लिए जीआरपी को सौंपा ज्ञापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** एक तरफ मंगलवार को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की 66 वीं परिनिर्वाण दिवस मनाया गया, उसी रात किसी असामाजिक तत्व ने संविधान चौक पर लगाए गए बोर्ड पर कालिख पोत दी। इतना ही नहीं आरोपी ने संविधान में प्रदत्त अधिकारों की प्रमुख बिंदुओं को प्रदर्शित करने वाले प्रस्तावना बोर्ड पर भी आपत्ति जनक शब्द उकेर दिया है। यह मामला चरोदा रेलवे कालोनी के जोन वन का है। आरोपी की करतूत से नाराज अंबेडकरवादियों ने आज जीआरपी चौकी चरोदा में एक ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग रखी है।




चरोदा रेलवे कालोनी में सांस्कृतिक भवन के पास संविधान चौक बनाया गया है। इस चौक का लोकार्पण 26 नवंबर को संविधान दिवस पर रेलवे के डीआरएम ने किया था। चौक पर संविधान चौक की पहचान प्रदर्शित करने एक बोर्ड लगाया गया है। इसके अलावा संविधान में प्रदत्त अधिकारों के प्रस्तावना को भी अलग से बोर्ड में प्रदर्शित किया गया है। बीते रात किसी सिरफिरे ने यहां लगाए गए बोर्ड पर कालिख पोत दिया है। आज इस बात की जानकारी मिलते ही अंबेडकर के अनुयाई और स्थानीय बौद्ध समाज के लोग मौके पर जुटे।

तक्षशिला बौद्ध कल्याण समिति भिलाई-3 के पदाधिकारी और सदस्यों ने इस मामले में जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक के नाम जीआरपी चौकी में एक ज्ञापन सौंपा और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निवेदन किया है। इस दौरान चन्द्रशेखर पाटिल अशोक तुरकर राजेश काम्बले नितीश खोब्रागढ़े संजय मेश्राम मिलिंद सहारे लोकेश रंगारी आनंद टेम्बुलकर भीमराव बोदलकर एवं मिलिंद चौहान सहित बड़ी संख्या में बौद्ध समाज के लोग उपस्थित थे। लोगों ने इस घटना को डॉ भीमराव अंबेडकर और उनके द्वारा बनाए गए संविधान का अपमान निरुपित किया है।

### आरोपी की तलाश शुरू

गौरतलब रहे कि 6 दिसंबर को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया गया। भिलाई-चरोदा के अंबेडकरवादियों ने हाल ही में बनाए गए संविधान चौक पर महापरिनिर्वाण मनाते हुए बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। आज सुबह जब उन्हें संविधान चौक पर लगाए गए बोर्ड पर कालिख पोतने की जानकारी मिली तो आक्रोश के साथ तनाव की स्थिति बन गई। जीआरपी ने अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दिया है।

## नक्सलियों के पास मिला अमेरिकी एम1 कार्बाइन

श्रीकंचनपथ




बीजापुर के जंगलों में नक्सलियों से हुई मुठभेड़ के बाद पुलिस ने एक बड़ा रहस्योद्घाटन किया है. बीजापुर पुलिस ने बताया कि नक्सलियों से प्राप्त चार हथियारों में से एक अमेरिकी एम1 कार्बाइन है. यह हथियार नक्सलियों तक कैसे पहुंचा पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है. वैसे इससे पहले भी नक्सलियों के कब्जे से फ्रांस और जर्मनी में बने हथियार मिलते रहे हैं. अब तक यही माना जाता था कि नक्सिलयों को हथियार चीन से मिलते हैं. इसके लिए बाकायदा एक ट्रेड रूट है जिसे लाल गलियारे का नाम दिया गया है. यह भी कहा जाता रहा है कि छोटे हथियार जहां नेपाल के रास्ते भारत तक पहुंचते हैं वहीं बड़े हथियार जमीनी मार्ग से उत्तर पूर्वी राज्यों से होकर भारत पहुंचते हैं. यह खबरें भी आती रही हैं कि इन हथियारों को पहले से तय स्थानों पर एयरड्रॉप किया जाता है. हथियार कहां से और किस रास्ते से आते हैं, इसका पता लगाना खुफिया तंत्र का काम है. पर इतना तो साफहो ही जाता है कि नक्सल समस्या को केवल राजनीतिक समस्या मानकर चलना सच्चाई से आंख चुराने जैसा है. नक्सली हों या आतंकवादी, अगर इनके पास उन्नत हथियार आते हैं तो इनका मुकाबला करने वाले सशस्त्र बलों को भी मजबूरी में इससे बेहतर हथियारों की जरूरत पड़ती है. जब चीनी हथियार मिलते थे तो हम बड़ी आसानी से नक्सलवाद के लिए चीन को दोषी ठहरा देते थे. अमरीकी, रूसी, फ्रांसी या जर्मनी के हथियार मिलने पर इन देशों को नक्सलवाद के लिए जिम्मेदार ठहरा देना भी क्या उतना ही आसान होगा? जवाह नहीं में है और होना भी चाहिए. चीन के खिलाफहमारे गुस्से की पुरानी वजह नए-नए आजाद हुए भारत पर उसका हमला करना है. इसके बाद उसने पाकिस्तान से दोस्ती कर ली और भारत को परेशान करने वाली हरकतें करता रहा. पाकिस्तान और बांग्लादेश की तरह चीन भी हमारा पड़ोसी राज्य है. इसलिए सीमाओं पर झड़पें होती रही हैं और होती रहेंगी. चीन के प्रति हमारी नफरत और गुस्सा लाजिमी है. पर यह केवल आधा सच है. सच्चाई का दूसरा आधा ज्यादा महत्वपूर्ण हैं. दुनिया के लगभग सभी उन्नत देश हथियारों के शोध और निर्माण पर अच्छा खासा खर्च करते हैं. अमेरीका, फ्रांस, जर्मनी, रूस और चीन के निर्यात का एक बड़ा हिस्सा हथियार है. यह उनकी अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है. चीन के मास प्रोडक्शन और सस्ते प्रॉडक्ट ने इन देशों के उत्पादों को चंद लोगों तक सीमित कर दिया. बच गया हेवी मशीनरी और हथियारों का अंतरराष्ट्रीय बाजार. ये सभी देश केवल मुंह से राम-राम करते हैं जबकि सबके बगल में छुरी है. देश बाहरी लड़ाई लड़ें या अंदरूनी इनके हथियार बिकते हैं. विश्व में शांति व्यवस्था कायम हो जाएगी तो इनके हथियार उद्योग का क्या होगा? हथियारों के दलाल और हथियारों के तस्कर इनका यही काम आसान करते हैं. वे अपराधियों तक हथियार पहुंचाते हैं और फिर इनके आका बिजनेस डील पक्की करते हैं.



## संपादकीय

# आलोचना की हद

मंगलवार की सुबह जब गुजरात पुलिस तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता साकेत गोखले को जयपुर हवाईअड्डे पर हिरासत में लेने के बाद आगे की कार्रवाई के लिए अहमदाबाद ले जा रही थी, लगभग उसी वक्त फिल्मकार विवेक अग्निहोत्री के दिल्ली हाईकोर्ट से बिना शर्त माफी मांगने की खबर टीवी स्क्रीन और सोशल मीडिया में नुमायां हुई। गोखले और अग्निहोत्री, दोनों दो कालखंडों में किए गए लगभग एक ही तरह के अपराध के आरोपी हैं। गोखले पर आरोप है कि उन्होंने इसी 1 दिसंबर को एक ट्वीट किया था, जिसमें मोरबी पुल हादसे से जुड़ी फर्जी खबर के जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि खराब करने की कोशिश की, तो वहीं विवेक अग्निहोत्री ने अक्तूबर 2018 में दिल्ली हाईकोर्ट के एक फैसले की आलोचना करते हुए न्यायमूर्ति एस मुरलीधर के खिलाफ ट्वीट कर दिया था। हालांकि, सुधी नागरिकों की आपत्ति पर ट्विटर ने उस ट्वीट को हटा दिया था। ये दोनों मामले इसलिए सुर्खियों में आए, क्योंकि ये सांविधानिक पदों पर बैठी दो अजीम शख्सियतों से जुड़े हुए हैं और इनके आरोपी भी अपेक्षाकृत रसूखदार लोग हैं। लेकिन हकीकत यही है कि सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों पर एक बड़ा यूजर वर्ग सुबह से शाम तक किसी को चढ़ाने या किसी को ध्वस्त करने में जुटा रहता है और दुर्योग से इसको बढ़ावा मुख्यधारा की सियासी पार्टियां देती हैं। फर्जी सूचनाओं के प्रसार से सामाजिक ताने-बाने को कितना नुकसान पहुंच रहा है, इसका ठीक-ठीक आकलन मुश्किल है। मगर आपत्तिजनक सामग्रियों के प्रसार की स्थिति किस कदर भयावह रूप ले चुकी है, इसे इसी तथ्य से परखिए कि अकेले यू-ट्यूब ने जुलाई से सितंबर के बीच भारतीयों के लगभग 17 लाख वीडियो अपने प्लेटफॉर्म से हटाए। अभिव्यक्ति की आजादी हरेक नागरिक को राज्य प्रदत्त अनमोल उपहार है, पर सस्ती लोकप्रियता की चाह में इससे जुड़ी जिम्मेदारी को नजरअंदाज करने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। विडंबना यह है कि सोशल मीडिया कंपनियों का अर्थशास्त्र भी इसे उकसाता है। हालांकि, दुनिया भर में सरकारों की सख्ती से ये कंपनियां ऐसी सामग्रियों को लेकर कुछ हद तक संजीदा हुई हैं, पर उनका रवैया अब भी विकसित व विकासशील देशों में भेदभावपूर्ण है। सार्वजनिक जीवन जीने वाला हरेक व्यक्ति अपने कृत्यों के लिए आलोचना के दायरे में है और कोई भी राजनेता आलोचना से परे नहीं, मगर इसकी एक मर्यादा है। तथ्यों के आधार पर ही कोई आलोचना स्वीकार्य होगी। दरअसल, हमारे राजनीतिक दलों के बीच संवादहीनता की स्थिति काफी बढ़ती जा रही है और हमेशा चुनावी मुद्रा में रहने के कारण उनके बीच कटुता जैसे स्थायी भाव बन गई है। सरकारों व प्रतिपक्ष को बड़प्पन दिखाते हुए राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित कार्रवाइयों को रोकने और सांविधानिक पदों की गरिमा बहाल रखने के लिए लक्ष्मण-रेखा का ख्याल रखना ही होगा। इसके बिना किसी लोकतंत्र को प्रहसन में तब्दील होते देर नहीं लगती। हमारे पड़ोस में इसके ठोस उदाहरण हैं। साकेत गोखले से जुड़ा मामला यह भी बताता है कि फर्जी खबरों पर लगाम लगाने के लिए एक प्रभावी तंत्र कितना जरूरी है। इसी तरह, विवेक अग्निहोत्री जैसों को भी यह समझाने की सख्त जरूरत है कि न्यायिक फैसलों से असहमति जताने की भी एक लक्ष्मण-रेखा है, जिसके आगे न्यायपालिका संस्था की साख धूमिल होती है और इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती।

> विडंबना यह है कि सोशल मीडिया कंपनियों का अर्थशास्त्र भी इसे उकसाता है। हालांकि, दुनिया भर में सरकारों की सख्ती से ये कंपनियां ऐसी सामग्रियों को लेकर कुछ हद तक संजीदा हुई हैं, पर उनका रवैया अब भी विकसित व विकासशील देशों में भेदभावपूर्ण है। सार्वजनिक जीवन जीने वाला हरेक व्यक्ति अपने कृत्यों के लिए आलोचना के दायरे में है और कोई भी राजनेता आलोचना से परे नहीं, मगर इसकी एक मर्यादा है। तथ्यों के आधार पर ही कोई आलोचना स्वीकार्य होगी। दरअसल, हमारे राजनीतिक दलों के बीच संवादहीनता की स्थिति काफी बढ़ती जा रही है और हमेशा चुनावी मुद्रा में रहने के कारण उनके बीच कटुता जैसे स्थायी भाव बन गई है।

## भारत की मजबूती दिखती है

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के मुताबिक वित्त वर्ष 2023 की सितम्बर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही और अनुमान है कि आगामी तिमाहियों में इसमें सुधार आएगा और चालू वित्त वर्ष में यह 7.00 प्रतिशत के आसपास रहेगी। उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 13.5प्रतिशत रही थी। केंद्रीय बैंक की तरह रॉयटर्स और ब्लूमबर्ग ने भी सितम्बर तिमाही में जीडीपी वृद्धि के 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। सितम्बर तिमाही में सेवा क्षेत्र के तहत व्यापार, होटल व परिवहन, वित्तीय व रियल एस्टेट एवं लोक प्रशासन व अन्य सेवाओं में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे जीडीपी, अनुमानित वृद्धि दर को बरकरार रखने में सफल रहा। इस अवधि में विनिर्माण क्षेत्र में 4.3 प्रतिशत का संकुचन दर्ज किया गया, क्योंकि बैंकों द्वारा ऋण ब्याज दर बढ़ाने और महंगाई की वजह से कंपनियों की इनपुट लागत बढ़ी और उनका मुनाफा मार्जिन प्रभावित हुआ, जिससे विनिर्माण गतिविधियां बाधित हुई।


सेवा क्षेत्र यानी व्यापार, होटल, परिवहन आदि सेवाओं में पहली बार वृद्धि की रफ्तार वित्त वर्ष 2020 की सितम्बर तिमाही की तुलना में 2.1 प्रतिशत अधिक रही और कोरोना महामारी के पहले के मुकाबले जीडीपी में कुल 7.6प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में बुनियादी कीमत पर सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में 5.6 प्रतिशतकी बढ़ोतरी हुई। पिछले साल की तुलना में शुद्ध आयात भी लगभग दोगुना हो गया और सालाना आधार पर इसमें 89 प्रतिशत की वृद्धि हुई। निजी खर्च में वृद्धि 9.7 प्रतिशत दर्ज की गई, क्योंकि उपभोक्ताओं ने महंगाई के दबाव के बावजूद अधिक कीमत वाले सामानों पर ज्यादा खर्च किया, जबकि सरकारी खर्च में 4.4 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई, जो इस बात का संकेत है कि आमजन खर्च करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं और केंद्र व राज्य सरकारों ने सितम्बर तिमाही के दौरान अपने खर्च पर नियंत्रण रखने में सफल रही हैं।

भारत का पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अक्टूबर महीने के 55.3 से थोड़ा बढ़कर नवम्बर महीने में 55.7 हो गया। यह नये ऑर्डर, उत्पादन में वृद्धि और महंगाई में आई आंशिक कमी की वजह से 3 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। पीएमआई में वृद्धि इस बात का संकेत है कि विनिर्माण की गतिविधियों में तेजी आ रही है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी के अनुसार भी विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन और मांग में सुधार दृष्टिगत हो रहा है। अक्तूबर महीने में महंगाई में आंशिक कमी आने से कंपनियों के इनपुट लागत में भी कमी दृष्टिगोचर हो रही है। इन दो महीनों में नई मांग और निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। अक्टूबर और नवम्बर महीने में पीएमआई में उछाल आने से यह अनुमान लगाया जा रहा कि चालू वित्त वर्ष की दिसम्बर तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर में बेहतरी आएगी।

> कोलकाता को उन्होंने बहुत आसानी से अपना लिया था। जो लोग फुटपाथ पर रहा करते, उनके जीवन में दिलचस्पी लेने वाले इंसान लैपियर ही थे।

# गरीबी में जीवन खोजने वाले डोमिनिक

जयंत घोषाल, वरिष्ठ पत्रकार




कभी-कभी लगता है, दुनिया बहुत छोटी है। कहां है पेरिस और कहां कोलकाता! मगर इंसानियत कभी-कभी भौगोलिक दूरियों को इतना पाट देती है कि इंसान एक हो जाता है। एक महान लेखक, पर्यटक और दार्शनिक डोमिनिक लैपियर का भी जन्म हुआ था पेरिस (फ्रांस) में, लेकिन उनको मोहब्बत हुई कोलकाता (तब कलकत्ता) से। सिर्फ कलकत्ता ही क्यों कहें, पूरे हिन्दुस्तान के साथ उन्होंने जो रिश्ता बनाया, आज उनके गुजर जाने (बीती 4 दिसंबर को उनका देहांत हो गया) के बाद भी हर किसी को स्मरण हो आया है।

एक पत्रकार होने के नाते मुझे उनके साथ वक्त बिताने का मौका मिला था। वह बार-बार कलकत्ता आया करते, रिक्शावालों के जीवन का अध्ययन करने। इसके लिए वह गली-गली घूमते थे। इस पर फिल्म भी बनाई। यहां के जीवन को उन्होंने अपनी किताब सिटी ऑफ जॉय में समेटा, जो पूरी दुनिया में खूब बिकी। आज भी लोग उस दौर को याद करते हैं, जब किताब छपने के बाद वह कलकत्ता लौटे एनजीओ बनाकर समाजसेवा करने। उनका इरादा स्पष्ट था, किताब से जो फायदा मिल रहा है, उसे गरीबों के साथ बांटना।

उस समय मैंने देखा कि कलकत्ता को, जो उनका 'अपना' शहर नहीं था, उन्होंने बहुत आसानी से अपना लिया था। जो लोग फुटपाथ पर रहा करते, जो गरीब थे, उनके जीवन को देखने और उसमें दिलचस्पी लेने वाले इंसान लैपियर ही थे। तब ऐसे कई कलकत्तावासी थे, खासकर मध्यवर्ग या भद्रलोक समाज के, जो उस कलकत्ता को नहीं जानते थे, जो लैपियर के लिए अपना परिवार हो गया था।

सिटी ऑफ जॉय के लिए वह उसी तरह सड़कों की खाक छाना करते, जिस तरह से हम पत्रकार खोजी पत्रकारिता के लिए करते हैं। इस किताब में जो पिलखाना बस्ती है, वह हावड़ा में है। हावड़ा और कलकत्ता को 'जुड़वां शहर' कहा जाता है। ब्रिटिश काल में हावड़ा 'कुलियों का शहर' भी था। यहीं की पिलखाना बस्ती में कई रिक्शाचालक रहा करते थे। हालांकि, रोक के बावजूद आज भी बड़ा बाजार जैसे इलाकों में हाथ से रिक्शा खींचने वाले चालक मिल जाएंगे, जो इसलिए ऐसा करते हैं, क्योंकि रोटी कमाने के लिए यही उनका एकमात्र पेशा है। लैपियर ने इसी पिलखाना बस्ती को अपना ठिकाना बनाया। यहां प्यार से उन्हें सब 'डोमिनिक दा' कहा करते। लोग उन्हें कितना पसंद करते थे, इसका अंदाजा इससे भी लगता है कि जब उनकी मौत की खबर यहां पहुंची, तो भावनाओं का ज्वार उमड़ पड़ा।

डोमिनिक ने न सिर्फ बांग्ला सीखी, बल्कि वह इसे धाराप्रवाह बोला भी करते थे। जब मेरी उनसे मुलाकात हुई थी, तो सिटी ऑफ जॉय प्रकाशित हो चुकी थी और वह काफी सुर्खियां बटोर चुके थे। मगर मैंने यही महसूस किया कि उनमें नाममात्र भी घमंड नहीं है। उन्होंने मुझसे कहा था, 'हम दोनों पत्रकार हैं। 'वी आर इन द सेम बोट' (हम दोनों की स्थिति समान है)। हमारे सुख और दुख बराबर हैं। हम जब वंचितों के बारे में लिखते हैं, तो कई अन्य लोग भी उनके बारे में जान लेते हैं। इससे उनको मदद मिल सकती है।' यही वजह है कि उन्होंने सिटी ऑफजॉय से मिलने वाली रॉयल्टी का आधा से अधिक हिस्सा कलकत्ता में मानवीय क्रिया-कलापों पर खर्च किया। यह प्रेम उनका सिर्फ कलकत्ता के साथ नहीं था। भोपाल गैस त्रासदी पर फाइव पास्ट मिडनाइट इन भोपाल लिखने के लिए जब वह मध्य प्रदेश गए, तो वहां पर भी इस हादसे के शिकार लोगों की खूब मदद की।

मैंने उनसे पूछा था, पूरी दुनिया में ऐसी कई जगहें हैं, जहां काफी ज्यादा गरीबी है। अफ्रीका के कई देश हैं। फिर भी, आपने भारत चुना। क्यों? मेरा यह सवाल इसलिए था, क्योंकि उन्होंने सिटी ऑफ जॉय नाम से ही जब फिल्म बनाई, तो उनकी बहुत आलोचना हुई थी। उन पर यह आरोप लगा था कि वह कलकत्ता की गरीबी 'बेच' रहे हैं। इस फिल्म में ओमपुरी जैसे दिग्गज कलाकार थे और यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खूब पसंद की जा रही थी। मगर कलकत्ता इसके विरोध में था, क्योंकि बुद्धिजीवियों का एक तबका और सत्तारूढ़ दल इसे अपने खिलाफ मान रहे थे। उनकी नजर में यह वामपंथी मॉडल को बदनाम करने की साजिश थी। मगर धीरे-धीरे यह स्पष्ट हो गया कि इसमें न कोई राजनीति थी और न कोई षड्यंत्र। इसीलिए मैंने पूछा था कि कलकत्ता ही क्यों? उनका जवाब था, 'पेरिस और कलकत्ता कला के कारण एक-दूसरे के करीब हैं। पेरिस के संग्रहालय में कई भारतीय चित्रकारों की कलाकृतियां दिख जाएंगी।' वह खुद रवींद्रनाथ टैगोर के बहुत बड़े प्रशंसक थे। सत्यजीत रे और मृणाल सेन के साथ उनके अच्छे रिश्ते थे... तो, उनकी नजर में 'सांस्कृतिक समभाव ही आपसी जुड़ाव का कारण' था। उनके शब्द थे, 'रिश्ता बनने में हर वक्त ग्रामर काम नहीं करता, कभी-कभी यह अनायास बन जाता है, इसलिए हर समय इसमें वजह नहीं ढूंढ़नी चाहिए।'


मेरी उनसे दूसरी मुलाकात तब हुई थी, जब उन्हें पद्म भूषण सम्मान मिला था। उस समय प्रतिभा देवीसिंह पाटिल राष्ट्रपति थीं और वह सम्मान लेने राष्ट्रपति भवन में आए थे। बतौर पत्रकार मैंने तब भी उनका साक्षात्कार लिया था, जिसमें उन्होंने एक पते की बात कही थी। उन्होंने कहा कि गरीबी के लिए वह किसी राजनेता को जिम्मेदार नहीं ठहराते, न ही अर्थशास्त्रियों की तरह इसका समाधान देने की कोशिश करते हैं। उनका मकसद किसी की छवि बिगड़ना भी नहीं है। वह तो बस गरीबी में जीवन तलाशने का अपना कर्तव्य निभाते हैं। मदर टेरेसा ने भी तो यही किया था। उनकी तरह का ही सेवा-धर्म वह अपनी किताबों के माध्यम से निभाना चाहते थे। संभवत उनकी इसी सोच के कारण उन पार्टियों ने भी उनको श्रद्धांजलि दी, जो कभी उनके विरोध में खड़ी थीं।

एक और अच्छी बात थी उनमें। उनसे जब भी मुलाकात होती, उनके चेहरे पर मुस्कान पसरी होती। कभी दुख की शिकन नहीं देखी मैंने। उनका पहनावा निहायत सामान्य रहता। गरमी के मौसम में यदि कलकत्ता में रहते, तो हैट और टी-शर्ट में वह किसी से भी मिल सकते थे। हालांकि, टीसने वाली बात यह है कि चार दशक पहले कलकत्ता की जिस पिलखाना बस्ती की छवि उन्होंने दिखाई थी और जिस जलभराव, कूड़ा-कचरा व अव्यवस्था की चर्चा उन्होंने सिटी ऑफ जॉय में की थी, उसमें बमुश्किल बदलाव हुआ है। वहां की जिंदगी अब भी बहुत आसान नहीं है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# तकनीकी विकास क्या इंसानों के लिए बनेगा बड़ा खतरा

निरंकार सिंह




दुनिया भर के वैज्ञानिक महसूस करने लगे हैं कि तकनीकी विकास से मानव जाति के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया है। इसके कारण ही आज सांस लेने के लिए न तो शुद्ध हवा है और न पीने के लिए स्वच्छ जल। कई तरह के रसायन और कीटनाशकों के कारण खाद्यान्न पहले से ही प्रदूषित हो चुके हैं, इसलिए वे टिकाऊ विकास पर जोर दे रहे हैं, लेकिन असली खतरा तो अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से पैदा हो गया है।

अमेरिका और चीन जैसे देश एआई से संचालित रोबोट का उपयोग जंग में सैनिकों की जगह करने की तैयारी कर रहे हैं। एआई के खतरे के बारे में पता तब चला, जब सॉफ्टवेयर इंजीनियर एक प्रयोग कर रहे थे। दरअसल, 2017 में फेसबुक के सॉफ्टवेयर इंजीनियरों ने एक प्रयोग किया था। इस प्रयोग के दौरान एक इंजीनियर ने कहा, चलो इंसानों से नहीं, मशीनों की आपस में बात कराते हैं। फिर उन्होंने उनका नाम बॉब और एलिस रखा। जब ये दोनों आपस में बात कर रहे थे, तब इंजीनियरों को पता नहीं चला कि ये दोनों क्या बात कर रहे हैं। फिर इंजीनियरों को शोध के बाद पता चला कि इन्होंने अपने आप में एक गुप्त भाषा विकसित कर ली है। यह देख इंजीनियरों ने तुरंत इस कार्यक्रम को बंद कर दिया। क्या आप सोच सकते हैं कि बॉब और एलिस इंसानों से बचकर गुप्त भाषा विकसित करके एक-दूसरे से बात कर रहे थे। यह बेहद खतरनाक प्रयोग था। यह बताता है कि आगे जाकर एआई कितना खतरनाक होगा?

पांच साल पहले ही प्रोफेसर हॉकिंग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में कहा था, 'जिन्न बोतल से बाहर आ चुका है'। वह इस बात से डरे हुए थे कि एआई एक ऐसी प्रजाति को सामने ले आएगा, जो इंसानों को बहुत पीछे छोड़ देगी। इसके बाद इंसान और रोबोट आमने-सामने खड़े हो सकते हैं। जाहिर है, ऐसा अगर हुआ, तो इंसान रोबोट के सामने कमतर ही साबित होगा। यह बात स्टीफन हॉकिंग ने नॉर्वे साइंस ऐंड आर्ट्स फेस्टिवल में कही थी।

इसमें कतई संदेह नहीं कि पिछले 70 साल के दौरान दुनिया में नए-नए तकनीकी आविष्कारों और खोजों ने हमारा जीवन बदल दिया है। फिर, डिजिटल क्रांति ने आर्थिक वृद्धि का नया इतिहास लिखा, जिसका आज पूरा समाज लाभ उठा रहा है। 1990 के दशक के बीच से लेकर 2000 के दशक के बीच तक ऐसा हुआ था और इसमें बहुत कुछ श्रेय असल में काम करने की जगहों में पर्सनल कंप्यूटर को दिया जाता है। तबसे हम इसका उपयोग कर रहे हैं, पर हमें आर्थिक समृद्धि का वह स्तर हासिल नहीं हुआ, जो डिजिटल टेक्नोलॉजी की वजह से ज्यादा बराबरी से बंटा हुआ हो सकता था। इसलिए हमें और ज्यादा व्यापक तकनीक की जरूरत है। इसकी एक झलक माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने अपनी किताब हिट रिफ्रेश में पेश की है। इसमें यह बताया गया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मिक्स्ड रियलिटी और क्वांटम कंप्यूटिंग से किस तरह आपकी जिंदगी बदलने वाली है।

आप असल दुनिया और वर्चुअल या आभासी दुनिया में फर्क तक नहीं कर पाएंगे। यह मिश्रित यथार्थ दुनिया होगी। मिश्रित यथार्थ टेक्नोलॉजी के साथ कंप्यूटिंग का सबसे शानदार तजुर्बा माइक्रोसॉफ्ट रच रहा है। ऐसा अनुभव, जिसमें आपकी देखने की जगह कंप्यूटिंग की सतह बन जाती है और डिजिटल दुनिया व आपकी भौतिक दुनिया आपस में मिलकर एक हो जाती है।

स्टीफन हॉकिंग भविष्यवाणी कर गए हैं कि जेनेटिक एडिटिंग की तकनीक सुपरह्यूमन (महामानव) की एक नई जाति को जन्म देगी। लोग अपने जीन में एडिटिंग करके किसी खास गुण को पा सकेंगे, किसी बुराई को छोड़ सकेंगे या किसी आनुवंशिक बीमारी को खत्म कर सकेंगे। एक समय आएगा, जब इंसान खुद को तकनीक की मदद से डिजाइन कर रहा होगा। सुंदर पिचई ने कहा है कि एआई को लेकर सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। नए नियम बनाने चाहिए। हम नई तकनीक पर लगातार काम करते रह सकते हैं, लेकिन बाजार को उसके किसी भी तरह के इस्तेमाल की खुली छूट नहीं होनी चाहिए। मगर क्या किसी नई तकनीक को बाजार से बचाया जा सकता है?

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# सरकारों के लिए उपचुनाव के नतीजे अहम

विधानसभा की छह और लोकसभा की एक सीट पर उपचुनाव पांच राज्यों की सरकारों के लिए बड़ी चुनौती हैं। इनमें से तीन राज्य ऐसे हैं, जहां अगले एक से डेढ़ साल में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और उससे पहले यह संभवत: आखिरी उपचुनाव है। इन उपचुनावों में जो पार्टी जीतेगी वह अपनी हवा बनाएगी और उससे चुनाव का मूड जाहिर होगा। ये तीन राज्य हैं- राजस्थान, छत्तीसगढ़ और ओड़िशा। इनमें से राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अगले साल विधानसभा के चुनाव हैं और ओड़िशा में डेढ़ साल के बाद लोकसभा के साथ चुनाव हैं।

ओड़िशा का मामला और दिलचस्प है क्योंकि पिछले महीने नवंबर में हुए उपचुनाव में भाजपा ने सत्तारूढ़ बीजू जनता दल को हरा कर जीत हासिल की थी। भद्रक इलाके में आने वाली धामनगर विधानसभा सीट पिछले चुनाव में भाजपा ने जीती थी और उपचुनाव में भी उसने यह सीट जीत ली। इस लिहाज से यह बड़ी बात नहीं होनी चाहिए थी लेकिन बीजू जनता दल का रिकॉर्ड है कि वह 2009 के बाद हर उपचुनाव में जीती है। सो, धामनगर हारने के बाद वह सावधान हो गई और पद्मपुर सीट पर बेहतर रणनीति के साथ लड़ी है। पद्मपुर सीट पर बीजद विधायक बिजय रंजन सिंह बरिहा जीते थे, जिनके निधन से यह सीट खाली हुई है। इसलिए बीजद के लिए यह और प्रतिष्ठा वाला मुकाबला है।

राजस्थान की सरदारशहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव हुआ है। यह सीट पिछले चुनाव में कांग्रेस ने जीती थी और कांग्रेस के भंवरलाल शर्मा के निधन से सीट खाली हुई है। पार्टी में चल रही गुटबाजी और प्रभारी महासचिव अजय माकन के इस्तीफे के बीच चुनाव हुआ है। अशोक गहलोत सरकार के लिए यह सीट बहुत प्रतिष्ठा वाली है। ऐसे ही छत्तीसगढ़ की भानुप्रतापपुर सीट कांग्रेस के मनोज सिंह मांडवी के निधन से खाली हुई थी। सो, भूपेश बघेल सरकार के लिए भी यह सीट बचाने की बड़ी चुनौती है।

बिहार में एक और उत्तर प्रदेश में दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुआ है और लोकसभा की एक सीट पर भी उपचुनाव हुआ है। लेकिन दोनों राज्य सरकारों के लिए यह मामला वैसा नहीं है, जैसा बाकी तीन राज्यों में था। बिहार में विधानसभा चुनाव 2025 के अंत में होना है और उत्तर प्रदेश में तो विधानसभा अभी आठ महीने पहले ही बनी है। इसके बावजूद दोनों राज्यों में सत्तारूढ़ दल ने पूरी ताकत लगाई। उपचुनाव के प्रचार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी गए तो बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी सहयोगी पार्टी राजद के नेता व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ जाकर कुढ़नी में चुनाव प्रचार किया। यह सीट उनके लिए प्रतिष्ठा वाली इसलिए है क्योंकि राजद ने अपनी जीती हुई सीट उनकी पार्टी जदयू के लिए छोड़ी थी। राजद के अनिल कुमार सहनी के अयोग्य होने से यह सी खाली हुई थी। इस सीट के नतीजे का बिहार की राजनीति पर बड़ा असर होगा।

# अन्तर्राष्ट्रीय घटना चक्र



संयुक्त राष्ट्रीय संघ की जनरल असेम्बली का द्वितीय अधिवेशन लगभग ढाई महीने तक चलते रहने के बाद समाप्त हो गया। जनरल असेम्बली और उससे सम्बन्ध रखने वाली समितियों ने अनेक विषयों पर विचार किया। उनकी कार्रवाइयों से समाचार-पत्रों के कालम खूब रंगे गये। किन्तु यदि यह पूछा जाये कि संयुक्त राष्ट्रीय संघ ने इन चर्चाओं के बाद क्या ठोस सफलता हासिल की तो इसका उत्तर नकारात्मक ही देना पड़ेगा। जैसा कि भारतीय प्रतिनिधि-मण्डल की नेत्री विजयालक्ष्मी पंडित ने कहा है, जनरल असेम्बली एशिया, यूरोप अथवा अफ्रीका से सम्बन्ध रखने वाली किसी भी बड़ी समस्या के सम्बन्ध में ऐसे निर्णय पर नहीं पहुंच सकी, जिसको संघ के सभी सदस्य स्वेच्छा-पूर्वक शिरोधार्य करने को प्रस्तुत हों। जनरल असेम्बली और उसकी समितियों में रूस और अमेरिका के मतभेदों का ही दौर-दौरा रहा और राष्ट्रों ने संयुक्त राष्ट्रीय संघ के सिद्धान्तों को उतना महत्व नहीं दिया, जितना प्रादेशिक और राजनैतिक सम्बन्धों को। राष्ट्र दो गुटों में विभक्त हो गये थे और उसी हिसाब से उन्होंने अपने मत दिये। मतों की खरीद-बिक्री के सौदे भी खूब चले। यह स्थिति विश्व संगठन के भविष्य के लिए आशाजनक नहीं कही जा सकती।

संयुक्त राष्ट्रीय संघ की जनरल असेम्बली ने इस अधिवेशन में जो निर्णय किये हैं, उनमें फिलस्तीन सम्बन्धी निर्णय सबसे अधिक महत्व रखता है। उसने फिलस्तीन के विभाजन की एक योजना स्वीकार की है और उसको कार्यान्वित करने के लिए छोटे राष्ट्रों का एक कमीशन भी नियुक्त कर दिया है। जनरल असेम्बली के इस निर्णय पर अरब जगत में भयंकर रोष फैल गया है। अरबों और यहूदियों में स्थान-स्थान पर आपसी मार-काट प्रारम्भ हो गई है और जन-धन की हानि हो रही है। चूंकि अमेरिका ने फिलस्तीन के विभाजन का समर्थन किया था, इसलिए अरब प्रदर्शनकारियों की एक भीड़ ने दमिश्क में अमेरिकी दूतावास पर धावा बोल दिया। उसने अमेरिकी झण्डे को फाड़कर फेंक दिया और दूतावास की गाड़ियों में आग लगा दी। यद्यपि सीरिया के राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री ने इस घटना पर खेद प्रकट किया है, किन्तु उससे पता चलता है कि अरब कितने क्रुद्ध हो उठे हैं। अरब प्रदर्शनकारियों ने सिकन्दरिया, काहिरा और बगदाद में यूरोपियन इमारतों पर हमले किये हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करेः-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




# मुख्यमंत्री ने देवभोग में लघु वनोपज उत्पाद पार्क का शुभारंभ किया

## 16000 से अधिक वनोपज संग्राहक परिवार उच्च आय प्राप्त कर अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठा सकेंगे

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र के विकास खण्ड मुख्यालय देवभोग के समीप गांव इंदागांव में लघु वनोपज पर आधारित ग्रामीण उद्यम पार्क की स्थापना जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुभारंभ किया। इंदागांव वन परिक्षेत्र अंतर्गत बहुतायात मात्रा में लघु वनोपज जैसे–महुआ फूल सुखा, चिरौंजी गुठली, दाल, महुआ बीज, लाख इत्यादि वनोपज पाए जाते है।



देवभोग में ग्रामीण उद्यम पार्क, की स्थापना का उद्देश्य इस क्षेत्र में पाए जाने वाले कच्चे माल की उपलब्धता को देखते हुए मूल्यवर्धन करना है। यह पार्क गांवों के सामाजिक एवं आर्थिक ढांचे में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उत्प्रेरक होगा। इस केन्द्र में कुल 11 महिला स्व–सहायता समूह शामिल होंगे, जिसके अंतर्गत लगभग 150 महिलाएं सीधे केन्द्र से जुड़ेगीं एवं विकासखण्ड अंतर्गत 16000 से अधिक संग्राहक परिवार उच्च आय प्राप्त कर अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठा सकेगें।

प्रस्तावित ग्रामीण उद्यम पार्क– ग्रामीण उद्यम पार्क देवभोग में प्रस्तावित प्रसंस्करण इकाई की जानकारी निम्नानुसार है– चिरौंजी प्रसंस्करण, लाख प्रसंस्करण, दाल प्रसंस्करण, नीम, महुआ एवं कुसम तेल प्रसंस्करण, मसाला प्रसंस्करण इकाई। छत्तीसगढ़ राज्य उद्योग विकास निगम मर्या रायपुर द्वारा ग्रामीण उद्यम पार्क की स्थापना 7.42 करोड़ रुपए की लागत से की जाएगी। सचिव भारत सरकार मिनिस्ट्री ऑफ फूड प्रोसेसिंग इण्डस्ट्रीज नई दिल्ली से 3.75 करोड़, ग्रामीण उद्यम पार्क से 2.00 करोड़ तथा शेष 1.67 करोड़ रुपये छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, जिला वनोपज सहकारी संघ एवं वनधन विकास केन्द्र से प्रदाय किया जाएगा।

यह परियोजना देवभोग क्षेत्र और उसके आसपास के क्षेत्रों में समग्र सामाजिक आर्थिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी जो किसी भी कुटीर उद्योग, प्रसंस्करण केन्द्र से रहित रहा है। यह परियोजना छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ और गरियाबंद जिले की पहचान बनाने के लिए पूरे देश में कृषि–वन उपज का विपणन सुनिश्चित करते हुए ब्लॉक में बड़ा बदलाव ला सकती है।

# मुख्यमंत्री ने 68 करोड़ 59 लाख 93 हजार रूपये लागत के 203 विकास कार्यो का सौगात दी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। भेंट–मुलाकात कार्यक्रम के दौरान राजिम विधानसभा क्षेत्र में अपने दूसरे दिवस के प्रवास में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजिम में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के लिए 68 करोड़ 59 लाख 93 हजार रूपये लागत के 203 विकास कार्यो की सौगात दी, जिसमें 57 करोड़ 81 लाख 71 हजार रूपये लागत के 167 कार्य का भूमिपूजन एवं 10 करोड़ 78 लाख रूपये लागत के 36 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।



भूमिपूजन होने वाले कार्यो में विद्युत विभाग अंतर्गत 151 लाख 16 हजार रूपये लागत के 1 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 13 करोड़ 41 लाख 36 हजार रूपये लागत के 7 कार्य, जल संसाधन विभाग के 7 करोड़ 65 लाख 91 हजार रूपये लागत के 3 कार्य, प्रधामंत्री ग्राम सड़क योजना के 6 करोड़ 71 लाख 23 हजार रूपये लागत के 8 कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 16 करोड़ 59 लाख 61 हजार रूपये लागत के 17 कार्य, नगर पालिका गरियाबंद अंतर्गत 3 करोड़ 82 लाख 60 हजार रूपये लागत के 33 कार्य, नगर पंचायत राजिम के 2 करोड़ 89 लाख 56 हजार रूपये लागत के 48 कार्य, नगर पंचायत फिंगेश्वर के 2 करोड़ 88 लाख 29 हजार रूपये लागत के 29 कार्य, जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत 20 लाख 14 हजार रूपये के 2 कार्य, जनपद पंचायत छुरा अंतर्गत 84 लाख 49 हजार रूपये लागत के 7 कार्य एवं जनपद पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत 1 करोड़ 27 लाख रूपये लागत के 12 कार्य शामिल है।

लोकार्पित होने वाले कार्यो में लोक निर्माण विभाग के 5 करोड़ 58 लाख रूपये लागत के 5 कार्य, वन विभाग अंतर्गत 1 करोड़ 51 लाख रूपये लागत के 4 कार्य, स्वास्थ्य विभाग के 74 लाख रूपये लागत के 2 कार्य, आदिवासी विकास विभाग के 1 करोड़ 62 लाख रूपये लागत के 1 कार्य, जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत 16 लाख रूपये के 3 कार्य, जनपद पंचायत छुरा अंतर्गत 64 लाख रूपये लागत के 11 कार्य एवं जनपद पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत 50 लाख रूपये लागत के 10 कार्य शामिल है।

## खास खबर

### छत्तीसगढ़ योग आयोग सदस्य रविंद्र सिंह के सफल मार्गदर्शन में आयुष्मान कार्ड शिविर प्रारंभ हुआ

**बिलासपुर।** बिनोवा नगर वार्ड क्रमांक 27 के गायत्री मंदिर में 5 से 8 दिसंबर तक प्रात: 11:00 से 5:00 बजे तक आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें वार्ड व नगर के निवासी अपना राशन कार्ड व आधार कार्ड लेकर महिला बच्चे बुजुर्ग लगातार पहुंचकर योजना का लाभ प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में उठा रहे हैं। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेसी पार्षद रविंद्र सिंह ने उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोच है कि अंतिम व्यक्ति तक हमारे प्रदेश में स्वास्थ्य लाभ पहुंचे। आमजन मानस इसका लाभ उठा सके। इसी लिए बीपीएल परिवार को पांच लाख व सामान्य कार्ड धारियों को 50 लाख तक की राशि स्वास्थ्य लाभ के लिए स्मार्ट कार्ड के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा योजना का लाभ शहरी व ग्रामीण जन तक पहुंचाया जा रहा है। शिविर मे प्रमुख रूप से नगर निगम के पार्षद रविन्द्र सिंह ठाकुर वरिष्ठ कांग्रेसी हरीश तिवारी सुभाष अग्रवाल शिवा मुदिलयार रज्जु अग्रवाल रामु शुक्ला रंजीत सिंह चन्द्रनाथ चटर्जी चन्द्रहास केशरवानी उतम चटर्जी चन्द्रहास शर्मा परेश श्रीवास्तव सजय दवे पियुष अग्रवाल विजय तिवारी ओमप्रकाश शर्मा प्रशांत पाण्डेय संगीत मोईत्रा केशव गोरख अजय तिवारी सतोष पाण्डेय राजेश जोसफ राहुल दुबे दिलीप साहु नरेंद्र सिंह बिनोद कछवहा बटी अग्रवाल अजय सोनी सतोष चौहान सदीप मिश्रा गुड्डु चदेल अनिल चौहान निटु परिहार मुकेश दुबे राकेश केशरी रितिक सिंह जावेद खान सन्नी चौहान जनक बंधे पप्पु विष्ट विक्रम ध्रुव नेब्रोन मसीह सजय यादव हरीश चेलकर मुकेश कछवहा राज चौहान कर्ण सिंह उदय गंगवानी अजय गोस्वामी राज यादव पिन्टु आडील मृत्युंजय तिवारी विपिन मिश्रा यश सिंह गजेन्द्र साहु नगर निगम जोन कमिश्नर आर एस चौहान अशोक शुक्ला आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री की घोषणा: गरियाबंद शासकीय कन्या हाई स्कूल का नामकरण बहादुर कलारिन के नाम पर

## तमिलनाडु से पहुंचे 14 किसानों की प्रतिनिधियों ने सौजन्य मुलाकात की, विभिन्न सामाजिक भवन के निर्माण के लिए 1.53 करोड़ रूपए की मंजूरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संध्या गरियाबंद के सर्किट हाउस में विभिन्न समाज एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मण्डल से भेंट–मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर एक–एक कर सभी समाज एवं संगठनों के प्रतिनिधियों से सामाजिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी लेने के साथ ही उनसे शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के संबंध में भी फीडबैक लिया।




मुख्यमंत्री ने डड़सेना कलार समाज के आग्रह पर गरियाबंद शासकीय कन्या हाई स्कूल का नामकरण बहादुर कलारिन के नाम पर करने की घोषणा की। उन्होंने नवागढ़ में पिछड़ा वर्ग छात्रावास एवं नंदी की स्थापना के लिए स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ ही मनवा कुर्मी सामाजिक भवन परिसर की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल और पानी के लिए बोरिंग की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गांव को स्वावलंबी बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। रीपा और गौठान इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि अब लोग शहर से गांव की ओर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने देवांगन समाज के प्रतिनिधियों से कहा कि समाज रीपा में हाथकरघा के लिए काम करने तैयार है तो उन्हें विकासखण्ड स्तर पर भी अवसर मिलेगा। इसी प्रकार कुम्भकार समाज को भी रीपा के तहत अवसर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कुम्भकार समाज के प्रतिनिधियों से इंग्लिश खपरेल बनाने का कार्य करने का सुझाव दिया। कुम्हार समाज के प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश स्तरीय महासभा में आने के आमंत्रण पर मुख्यमंत्री ने सहमति जताई। यह प्रदेश स्तरीय महासभा एक से सात जनवरी तक प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री की विभिन्न प्रतिनिधि मंडलों से भेंट के दौरान तमिलनाडु से पहुंचे 14 किसानों की प्रतिनिधियों ने भी सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री का नारियल के पौधे और धान की बालियां भेंटकर स्वागत किया। कावेरी नदी किसान संगठन के सदस्य श्री सुंदर विमल ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियों से प्रभावित होकर हम सभी मुख्यमंत्री से मिलने आए हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में धान खरीदी से किसानों को सबसे अधिक लाभ हो रहा है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से किसानों को बोनस भी दिया जा रहा है, जिससे किसान समृद्ध हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री से कमार समाज के प्रतिनिधियों ने शासकीय सेवा में चतुर्थ श्रेणी की नौकरी के लिए आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पात्रता के अनुसार नौकरी दी जाएगी। उन्होंने वन अधिकार पत्र के संबंध में बताया कि 13 दिसम्बर 2005 से पहले काबिज होने पर पट्टा दिया जाएगा। आदिवासी कंवर समाज के प्रतिनिधि ने बताया कि बच्चे पढ़ने–लिखने के लिए दूर जाते हैं, इसके लिए जिला मुख्यालय में भवन का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जमीन होने पर भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की जाएगी। सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष श्री भरत दीवान ने कलेक्टर कार्यालय में अम्बेडकर जी की प्रतिमा लगाने का निवेदन किया। मुख्यमंत्री से कोसरिया महार समाज के प्रतिनिधियों ने अनुसूची में महार जाति दर्ज करने का निवेदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महार जाति इंग्लिश में लिखने पर कोई दिक्कत नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने गाड़ा समाज के प्रतिनिधियों से कहा कि जमीन की व्यवस्था होने पर मांगलिक कार्य हेतु भवन के लिए राशि स्वीकृत की जाएगी। बौद्ध महार समाज, मानिकपुरी पनिका समाज और मगधा यादव समाज के प्रतिनिधियों द्वारा सामाजिक भवन की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जमीन की रजिस्ट्री कराने के बाद भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की जाएगी। ध्रुव समाज, सतनामी समाज, घसिया समाज को जमीन चिन्हांकित करने पर भवन देने की बात कही। इसी प्रकार पेंशनर समाज को भी जमीन रस्ट्रिेशन के बाद भवन के लिए स्वीकृति देने की बात कही। गरियाबंद मुख्यालय में डिस्ट्रिक कोड खोलने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला मुख्यालय में प्रेस क्लब की मांग पर जमीन, भवन के लिए प्रक्रिया अपनाने और कलेक्टर को ड्राईंग डिजाईन तैयार कराने कहा। मुख्यमंत्री ने आदिवासी विकास परिषद द्वारा 170 ख के प्रकरणों की समीक्षा की मांग पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विभिन्न समाजों की मांग पर सामाजिक भवन और अन्य कार्यों के लिए लगभग 1 करोड़ 53 लाख रूपए की मंजूरी प्रदान की। उन्होंने मुस्लिम समाज को सामुदायिक भवन और कब्रिस्तान के लिए 25 लाख रूपए, महारा समाज को भवन के लिए 20 लाख रूपए, हलबा समाज को भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए, रजा मुस्लिम समाज को भवन के लिए 15 लाख रूपए, मरार समाज को भवन के लिए 15 लाख रूपए, धोबी निर्मलकर समाज को गरियाबंद में भवन के लिए 15 लाख रूपए, सर्व सेन समाज को भवन के लिए 15 लाख रूपए, पठारी आदिवासी समाज को भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, कबीरपंथ को सत्संग भवन के लिए 10 लाख रूपए, सिख समाज को गुरूद्वारा में लंगर के लिए अतिरिक्त कक्ष हेतु 7 लाख रूपए और बंजारा समाज को सामाजिक कार्य हेतु बर्तन के लिए एक लाख रूपए देने की घोषणा की।

# देश के 112 आकांक्षी जिलों की डेल्टा रैंकिंग में नारायणपुर को मिला 14वां स्थान

श्रीकंचनपथ न्यूज

नारायणपुर। नीति आयोग के 112 आकांक्षी जिलों में शामिल नारायणपुर जिला कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के नेतृत्व में विकास के मापदंडों में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। नीति आयोग के तय मानकों पर काम करते हुए नारायणपुर जिला ने पूरे देश में 14वां स्थान हासिल किया है।

देश के आकांक्षी जिलों में स्वास्थ्य एवं सुपोषण में 8वां स्थान मिलने पर कलेक्टर श्री रघुवंशी ने समस्त अधिकारी–कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की है और आने वाले समय में और अधिक मेहनत कर जिले को रैंकिंग में और ऊपर ले जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है कलेक्टर ने जिले के प्रगति की दिशा में एक ठोस शुरुआत बताते हुए जनकल्याण के कार्यों की गति को निरन्तर बनाये रखने की बात कही। नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिलों के अक्टूबर 2022 की डेल्टा रैंकिंग जारी की गई, जिसमें नारायणपुर जिला ने ओवर ऑल 14वां स्थान प्राप्त किया है। स्वास्थ्य और पोषण, वित्तीय समावेश और कौशल विकास ,आधारभूत अधोसंरचना के मानकों में सुधार आने से डेल्टा रैंकिंग की कम्पोजिट स्कोर में नारायणपुर जिला का 52 वें स्थान रहा। वहीं स्वास्थ्य व पोषण में 8वें स्थान, शिक्षा में 15वां, कृषि और जल संसाधन में 23वां, वित्तीय प्रबंधन और कौशल विकास में 73वां तथा आधारभूत संरचना में 66वें स्थान डेल्टा रैंकिंग में नारायणपुर जिला को दिया गया है।

# शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता 10 से 12 तक

**रायपुर।** शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति तीन दिवसीय राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 12 दिसम्बर तक किया जा रहा है। चित्रकला प्रतियोगिता के लिए आयु वर्ग अनुसार प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। चित्रकला प्रतियोगिता के लिए 9 दिसम्बर तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। चित्रकला प्रतियोगिता के लिए केनवास, कार्टिऊज पेपर एवं ईजल संस्थान द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा किया जा रहा है।










## खास खबर...

### 46 हजार 616 पदों के लिए मेगा रोजगार मेलाः 10 दिसंबर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षित एवं प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास प्राधिकरण के तत्वाधान में मेगा रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। योग्य एवं इच्छुक आवेदक अब 10 दिसम्बर तक ऑनलाईन आवेदन प्रेषित कर सकते है। पूर्व में आवेदकों से 2 से 6 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन मंगाया गया था। मेगा रोजगार मेला के निर्धारित तिथि की सूचना पृथक से दी जाएगी।

जिला रोजगार विभाग के उप संचालक ने बताया कि प्रस्तावित रोजगार मेला के माध्यम से प्रायवेट क्षेत्र के 09 सेक्टरों (बैंकिग एण्ड फायनेंस आई.टी., हैल्थ, टूरिजम, लॉजिस्टिक, मैन्यूफैक्चरिंग, अपेरल, रिटेल एवं सिक्यूरिटी) में 46 हजार 616 पदों पर 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, जी.डी.ए., होटल मैनेजमेंट एवं आई.टी.आई., पॉलिटेक्निक, डिप्लोमा, बी. ई. और बी. टेक आदि उत्तीर्ण योग्य आवेदकों की भर्ती की जाएगी। उक्त पदों पर भर्ती हेतु इच्छुक आवेदक निर्धारित अंतिम तिथि 10 दिसम्बर तक इस लिंक shorturl.at/cqZ28 अथवा क्यू.आर. के माध्यम से अपनी शैक्षणिक एवं तकनीकी शिक्षा संबंधी विवरणी भेज सकते है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिये आवेदक मोबाईल नं0 94069 22469 अथवा रोजगार कार्यालय रायपुर में भी संपर्क कर सकते है।

### पांच सिंचाई योजनाओं के लिए 26 करोड़ रूपए स्वीकृत

**रायपुर।** प्रदेश की पांच विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को पूर्ण कराने के लिए 26 करोड दो लाख एक हजार रूपए स्वीकृति दी गई है। इन योजनाओं के कार्य पूरा होने से 03 हजार 501 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी। राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड-डोंगरगढ़ के छीपा व्यपर्वतन नहर लाइनिंग कार्य के लिए पांच करोड़ 97 लाख 21 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 555 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। रायपुर जिले के विकासखण्ड-अभनपुर के कोल्हान नाला पर तर्रा स्टापडेम निर्माण कार्य के लिए तीन करोड़ 72 लाख 41 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 49 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-धरसींवा के बुडेरा जलाशय नहर लाइनिंग एवं जीर्णोद्धार कार्य के लिए एक करोड़ 34 लाख 98 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 125 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विकासखण्ड-भाटापारा के सोंढूर परियोजना के भाटापारा शाखा नहर के वितरक नहर एवं सेमरिया माईनर का रिसेक्शनिंग एवं सी.सी लाईनिंग कार्य के लिए बारह करोड़ 64 लाख 39 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 2532 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-सिमगा के टीथीडीह जलाशय योजना का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य के लिए दो करोड़ 33 लाख 02 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 240 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

### एआरटी व सरोगेसी करने वाले निजी स्वास्थ्य संस्थाओं का पंजीयन प्रारंभ

**रायपुर।** एआरटी व सरोगेसी के जरिए दंपत्तियों को संतान सुख प्रदान करने वाले संस्थाओं को प्रदेश में अनुपालन नियमों के तहत पंजीकृत किया जा रहा है। एआरटी व सरोगेसी का कार्य करने वाली स्वास्थ्य संस्थाएं पंजीकरण कराने के लिए नेशनल रजिस्ट्री पोर्टल एआरटी एंड सरोगेसी में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

एआरटी एंड सरोगेसी-सह-पीसीपीएनडीटी के संयुक्त संचालक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि एआरटी एंड सरोगेसी पोर्टल में प्राप्त आवेदनों पर राज्य एवं जिला स्तरीय टीम द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। एक्ट के मापदण्डों के अनुरूप आवेदन योग्य पाए जाने पर राज्य स्तर के समुचित प्राधिकारी-सह-स्वास्थ्य संचालक द्वारा पंजीयन की कार्यवाही की जा रही है। बिना पंजीयन के कार्य कर रहे संस्थाओं को एक्ट उल्लंघन का दोषी पाए जाने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

इस तरह की कार्यवाही से बचने ऐसी सभी संस्थाएं जो बिना पंजीयन आवेदन के कार्यरत हैं, वे सभी https://artsurrogacy.gov.in/NationalArtSurrogacy/faces/HomePage.&html में ऑनलाइन आवेदन कर अपना पंजीयन करवाना सुनिश्चित करें।

# मितानिन पेटी से लेकर मेडिकल कॉलेजों तक पर्याप्त दवाई के लिए बेहतर आपूर्ति व्यवस्था जरूरीः सिंहदेव

## सीजीएमएससी द्वारा रायपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय फॉर्मास्युटिकल एंड इक्वीपमेंट मेनुफेक्चरर्स मीट का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री टीएस सिंहदेव ने आज सीजीएमएससी के अध्यक्ष एवं निदेशकों तथा वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ देशभर से आए फॉर्मास्युटिकल कंपनियों के प्रतिनिधियों से चर्चा की। सीजीएमएससी द्वारा रायपुर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय फॉर्मास्युटिकल एंड इक्वीपमेंट मेनुफेक्चरर्स मीट के पहले दिन आज सिपला, एबॉट, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, जिओमेड, भारत सीरम, जॉनसन एंड जॉनसन, नोवार्टिज और बायोकॉन जैसी कई प्रतिष्ठित कंपनियों सहित करीब 90 फॉर्मा व सप्लायर कंपनियों तथा दवा आपूर्ति की निविदा में भाग लेने वाले फर्मों ने हिस्सा लिया। सीजीएमएससी के अध्यक्ष डॉ. प्रीतम राम, निदेशक डॉ. केके ध्रुव और स्वास्थ्य विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. भी मीट में शामिल हुए।




मीट में प्रदेश में दवाईयों एवं कन्ज्युमेबल्स की आपूर्ति में आ रही दिक्कतों के समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। सीजीएमएससी के द्वारा दवा आपूर्ति के लिए जारी निविदा में कम्पनियों की भागीदारी बढ़ाने, वर्तमान निविदा प्रक्रिया में सप्लायरों को आ रही समस्याओं तथा उनके समाधान, दवाओं के क्षेत्र में उपलब्ध नवीन तकनीकों, भविष्य की कार्ययोजना आदि विषयों पर भी इस दौरान विमर्श किया गया। प्रतिभागी कंपनियों ने निविदा की वर्तमान प्रक्रिया और इसे बेहतर बनाने के लिए अपने फीडबैक और सुझाव दिए। राष्ट्रीय फॉर्मास्युटिकल एंड इक्वीपमेंट मेनुफेक्चरर्स मीट के दूसरे दिन कल 7 दिसम्बर को मेडिकल उपकरणों के निर्माण और आपूर्ति से जुड़ी कंपनियां भाग लेंगी। स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने राष्ट्रीय फॉर्मास्युटिकल एंड इक्वीपमेंट मेनुफेक्चरर्स मीट का शुभारंभ करते हुए कहा कि मितानिन पेटी से लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पतालों तक पर्याप्त दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने बेहतर आपूर्ति व्यवस्था जरूरी है। इसके बिना यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सीजीएमएससी के द्वारा प्रदेश भर में सही कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाई उपलब्ध कराने के लिए इसकी आपूर्ति की व्यवस्था को लगातार मजबूत किया जा रहा है। सही कीमत पर दवाईयां मिलने से प्रदेश के लिए ज्यादा दवाईयां खरीदी जा सकती हैं। उन्होंने मीट में हिस्सा ले रहे प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगों के सहयोग से प्रदेश में दवा आपूर्ति में तेजी लाने और पर्याप्त दवाईयों के भंडारण में मदद मिलेगी।

सीजीएमएससी के अध्यक्ष विधायक डॉ. प्रीतम राम ने मीट को संबोधित करते हुए कहा कि दवाईयों की पर्याप्त आपूर्ति और भंडारण के लिए समुचित व्यवस्था जरूरी है। दूरदराज के अस्पतालों में भी सभी दवाईयां उपलब्ध हो, इसके लिए कार्पोरेशन लगातार आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. ने कहा कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में सभी लोगों को निःशुल्क दवाई और डायग्नोसिस मुहैया कराना सरकार का लक्ष्य है। मीट में भाग ले रहे कंपनियों के फीडबैक और सुझावों से दवा आपूर्ति की व्यवस्था की कमियों और खामियों को दूर किया जा सकेगा। सप्लाई सिस्टम को किस तरह से बेहतर कर सकते हैं, इसके लिए इस मीट का आयोजन किया गया है। सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक अभिजीत सिंह ने मीट में कार्पोरेशन द्वारा दवा खरीदी की प्रक्रिया और इसके विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर, डीकेएस सुपरस्पेशियालिटी अस्पताल और स्वास्थ्य विभाग के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी मीट में मौजूद थे।

## नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने नागरिकों से की भेंट मुलाकात



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आज यहां अपने रायपुर निवास कार्यालय में राज्य के विभिन्न स्थानों से आए जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से भेंट मुलाकात की और उनसे अपने क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। मुलाकात के दौरान लोगों ने मंत्री डॉ. डहरिया को अपनी विभिन्न समस्याओं के संबंध में आवेदन भी दिए। डॉ. डहरिया ने लोगों को उनकी समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि डॉ. डहरिया से जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक मंगलवार को लोग स्वस्फूर्त मिलते है।

## मुख्य सचिव ने की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की समीक्षा

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए हैं कि वे अपने जिले के मिलर्स की बैठक लेकर उपार्जन केन्द्रों से धान उठाव और भारतीय खाद्य निगम और नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा करने की लगातार मॉनिटरिंग करें। उन्होंने नए धान खरीदी केन्द्रों में धान उपार्जन की व्यवस्था की भी मैदानी अमलों के जरिए लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव आज यहां मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य में खरीफ वर्ष 2022-23 में धान खरीदी के संबंध में कमिश्नर और कलेक्टरों की बैठक में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्य सचिव ने किसान पंजीयन, गिरदावरी की शुद्धता एवं शिकायतों का निराकरण, समिति स्तर पर नए एवं पुराने बारदाने की व्यवस्था और समर्थन मूल्य में धान खरीदी के एवज में किसानों को निर्धारित समयावधि में राशि भुगतान की भी जानकारी ली। उन्होंने बैठक में सहकारी समिति स्तर पर धान की सुरक्षा एवं रखरखाव और सीमावर्ती जिलों में अन्य राज्यों एवं कोचियों-बिचौलियों द्वारा अवैध धान विक्रय पर नियंत्रण, समितियों से मिलर्स द्वारा धान उठाव और मिलर्स द्वारा भारतीय खाद्य निगम और नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा की समीक्षा की। बैठक में कृषि विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा, राजस्व सचिव एन.एन.एक्का, नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक निरंजनदास सहित मार्कफेड, सहकारिता और अपेक्स बैंक के अधिकारी शामिल हुए।

कलेक्टरों ने बैठक में बताया कि राज्य शासन द्वारा बनाए गए नये धान खरीदी केन्द्रों में वहां के क्षेत्रीय किसानों में प्रसन्नता है। किसानों को नए धान खरीदी के बन जाने से काफी सुविधा हुई है। अब उन्हें अपने नजदीक में ही धान बेचने की सुविधा हो गई है।

## नवा रायपुर में निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र शुरूः ज्ञानेश शर्मा ने किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नवा रायपुर, अटल नगर के सेक्टर 27 स्थित बॉटनिकल गॉर्डन में निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा नगर निगम के नियमित योगाभ्यास कार्यक्रम के अंतर्गत इसे शुरू किया गया है। छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सोमवार 5 दिसंबर से निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र का शुभारंभ हुआ।




यह योग आयोग द्वारा नगर निगम क्षेत्र में शुरू किया गया 26वां केन्द्र होगा। इस केन्द्र का संचालन योग प्रशिक्षक श्यामा साहू द्वारा प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे तक किया जाएगा। ज्ञानेन्द्र शर्मा ने कहा कि नियमित योगाभ्यास केन्द्र से आमजनों को फायदा मिलता है। इससे योग के प्रचार प्रसार में भी मदद मिलती है। यह लोगों को योग से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है। योग से शरीर और मन को शुद्ध व स्वस्थ रखते हुए अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण किया जा सकता है। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में योग आयोग के सचिव एम एल पाण्डेय, योग आयोग के प्रभारी अधिकारी, योग साधकगण सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष गुरू खुशवंत गोसाई ने किया पदभार ग्रहण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा और औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष गुरू खुशवंत गोसाई ने गत दिवस 5 दिसम्बर को औषधि पादप बोर्ड कार्यालय रायपुर में अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामद्योग मंत्री गुरू रूद कुमार तथा अध्यक्ष औषधि पादप बोर्ड बालकृष्ण पाठक, एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी औषधि पादप बोर्ड जेएसीएस राव आदि उपस्थित थे।



कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने अवगत् कराया कि भी कई वैद्यों द्वारा जड़ी-बूटी के माध्यम से आमजन को सफलता पूर्व उपचार किया जा रहा है। इसकी महत्ता को ध्यान रखते हुए हमें वैद्यों तथा पारंपरिक उपचार पद्धति को बढ़ावा देना बहुत जरूरी है। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार ने अपने उद्बोधन में राज्य की जैव विविधता संरक्षण पर जोर दिया तथा औषधि पादपों के प्रति जन सामान्य में जागरूकता लाने विशेष बल दिया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष औषधि पादप बोर्ड पाठक ने बताया कि बोर्ड द्वारा औषधी पौधौं के कृषिकरण, स्कूल हर्बल गार्डन, हर्बल गार्डन तथा औषधीय पादपों का और अधिक रोपण को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाड़ी में हर्बल गार्डन के लिए लोगों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि वे अपनी बाड़ी में भी लाभ अर्जित कर सकें। इस दौरान मुख्यकार्यपालन अधिकारी राव ने बोर्ड के उद्देश्यों तथा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे औषधीय पादपों का विकास तथा संवर्धन, संरक्षण के बारे में जानकरी दी गई। साथ ही कम लागत पर अधिक आय के लिए औषधीय पादपों के लिए कृषिकरण कार्य के बारे में अवगत् कराया गया।

इस दौरान बोर्ड के उपाध्यक्ष गोसाई द्वारा औषधीय पादपों की खेती के लिए लोगों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने के लिए बल दिया। उन्होंने कहा कि औषधीय पौधों के संग्रहण करने वाले वनवासियों, औषधीय पादपों के कृषि करने वाले कृषकों की आय में वृद्धी हो, इसके लिए बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो। साथ ही धान की पारंपरिक खेती के अतिरिक्त औषधीय पादपों की खेती के लिए कृषकों को अधिक से अधिक प्रेरित किया जाए। इस अवसर पर पूर्व सांसद छाया वर्मा, विधायक प्रमोद शर्मा, अध्यक्ष सिंधी अकादमी राम गिडलानी, अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग के. पी. खाण्डे, अध्यक्ष काप्रेटिव बैंक पंकज शर्मा आदि उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# क्या है एडीएचडी?
# ये है इसके कारण, लक्षण और इलाज



अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी) एक क्रोनिक न्यूरोडेवलपमेंट समस्या है। यह दुनियाभर में लाखों बच्चों को प्रभावित करती है और बढ़ती उम्र के साथ बढ़ती जाती है। एडीएचडी से ग्रसित लोगों को ध्यान केंद्रित करने, ध्यान बनाए रखने और ऊर्जावान बने रहने में कठिनाई होने लगती है। जापान के एक शोध के मुताबिक, एडीएचडी का वैश्विक प्रसार 0.1 प्रतिशत से 8.1 प्रतिशत तक है। आइए आज इस डिसऑर्डर से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें जानते हैं।

### एडीएचडी क्या है?

एडीएचडी एक क्रोनिक न्यूरोडेवलपमेंट डिसऑर्डर है, जिससे ग्रस्त व्यक्ति के मस्तिष्क के विकास और मस्तिष्क गतिविधियों में सामान्य व्यक्ति के मुकाबले काफी अंतर होता है। इस डिसऑर्डर से जूझने वाले लोगों की एकाग्रता क्षमता, स्थिरता और आत्म-नियंत्रण प्रभावित होता है।

### कितने प्रकार का होता है एडीएचडी?

अमेरिकन साइकियाट्रिक एसोसिएशन के डायग्नोस्टिक एंड स्टैटिस्टिकल मैनुअल ऑफ मेंटल डिसऑर्डर के अनुसार, एडीएचडी तीन प्रकार का होता हैं। पेरडोमिनेंटली हाइपरएक्टिव-इंपल्सिव- इसमें लोग ज्यादातर हाइपरएक्टिव और इंपल्सिव होते हैं। पेरडोमिनेंटली इनटेंटिव- इससे ग्रस्त लोगों में मुख्य रूप से इनटेंटिवनेंस के लक्षण होते हैं। कंबाइंड हाइपरएक्टिव-इंपल्सिव और इनटेंटिव- इससे ग्रस्त लोगों में हाइपरएक्टिव, इंपल्सिव और इनटेंटिवनेंस से जुड़े लक्षण नजर आते हैं।

### क्या हैं एडीएचडी के लक्षण?

एडीएचडी के सामान्य लक्षणों में बच्चों को ध्यान लगाने में दिक्कत होने लगती है और उनका व्यवहार भी खराब होने लगता है। इसके अतिरिक्त, कल्पना या ख्यालों में खोएं रहना, चीजें भूलना, बहुत अधिक बोलना या बिलकुल न बोलना और दूसरों के साथ मिलने में कठिनाई होना भी एडीएचडी के लक्षण हैं। एडीएचडी वाले लोगों के हाथ कपकपाते हैं और वे खुद को काफी कमजोर महसूस करते हैं।

### क्या हैं एडीएचडी के कारण?

एडीएचडी के कारण अभी भी अच्छी तरह से स्पष्ट नहीं हैं। हालांकि, कुछ कारकों का इसके साथ संबंध पाया गया है। कई शोध से पता चलता है कि एडीएचडी का एक न्यूरोबायोलॉजिकल और आनुवंशिक आधार है। गर्भावस्था के दौरान तंबाकू का सेवन, बचपन में दर्दनाक मस्तिष्क की चोट, जन्म के समय कम वजन, समय से पहले जन्म, चीनी युक्त खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन और अत्यधिक स्क्रीन टाइम एडीएचडी का कारण बन सकता है।

### क्या है एडीएचडी का इलाज?

एडीएचडी को सही उपचार से नियंत्रित किया जा सकता है। इसके उपचार में आमतौर पर ध्यान केंद्रित करने और कुछ व्यवहार संबंधी रणनीतियां समेत जीवनशैली में बदलाव शामिल होते हैं। जीवनशैली में परिवर्तन करके एडीएचडी वाले लोगों के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाया जा सकता है। इनमें उनके लिए स्वस्थ दिनचर्या का पालन करना और कार्यों की याद दिलाना शामिल हो सकता है।

# अनुष्का शर्मा ने कला में अपनी भूमिका को लेकर बताया सच



अनुष्का शर्मा ने कला में घोड़े पे सवार गाने के साथ विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। अभिनेत्री का कहना है कि उन्होंने यह नंबर मस्ती के लिए किया और कोई अन्य कारण नहीं था। वह कहती हैं, मैंने इस गाने को मजे के लिए किया है। कोई और कारण नहीं है और मुझे इसे करने में मजा आया है! मुझे एक गुजरे जमाने की अभिनेत्री की भूमिका निभाने में मजा आया और मैं अपनी विशेष उपस्थिति के लिए लोगों की प्रतिक्रियाओं को देखकर वास्तव में खुश हूं।

मुझे उम्मीद नहीं थी कि लोग इसे इतना पसंद करेंगे लेकिन मुझे खुशी है कि उन्होंने ऐसा किया और कुछ समय बाद मुझे स्क्रीन पर देखकर खुश हूं। 1930 के दशक में स्थापित, कला एक महत्वाकांक्षी गायिका और उसकी दबंग मां के बीच के उतार-चढ़ाव भरे संबंधों के बारे में है। फिल्म में तृप्ति डिमरी, स्वस्तिका मुखर्जी और बाबिल खान ने अपनी पहली फिल्म की शुरूआत की।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, अनुष्का बहुचर्चित फिल्म चकदा एक्सप्रेस में प्रतिष्ठित भारतीय तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। यह फिल्म भारतीय महिला क्रिकेट की सबसे सम्मानित क्रिकेटर के जीवन और समय से प्रेरित है।

# डिब्बुक के बाद घरत गणपति से मराठी सिनेमा में कदम रखेंगी निकिता दत्ता



**कबीर सिंह और हॉरर फिल्म डिब्बुक में अपने काम से दर्शकों को प्रभावित करने वाली अभिनेत्री निकिता दत्ता आगामी फिल्म घरत गणपति से मराठी सिनेमा में कदम रखने वाली हैं। फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म के शीर्षक का अनावरण किया। फिल्म का लोगो भी रिलीज किया गया। नवज्योत बांदीवाडेकर द्वारा निर्देशित फिल्म, गणेश चतुर्थी के उत्सव के इर्द-गिर्द घूमेगी।**

इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, निकिता दत्ता ने कहा, मैं हमेशा क्षेत्रीय सिनेमा में प्रवेश करने के लिए उत्सुक रही हूं, और घरत गणपति सबसे अच्छी पहली परियोजना है जिसे मैं मांग सकती थी। फिल्म में कई भावनाएं हैं, जो मुझे प्रयोग करने की अनुमति देंगी, मेरे कौशल के साथ। मुझे यकीन है कि आप लोगों को यह फिल्म देखने में मजा आएगा।

मल्टी-स्टारर फिल्म में भूषण प्रधान, आशीष पाथोड़े, परी तेलंग, समीर खांडेकर, रूपेश बाने, राजसी भावे, शरद भूताड़िया, सुषमा देशपांडे, संजय मोने, शुभांगी लातकर, शुभांगी गोखले, अजिंक्य देव और अश्विनी भावे जैसे जाने-माने मराठी कलाकार भी हैं।

वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद फिल्म की घोषणा करने पर, बांदीवाडेकर ने कहा कि उन्होंने दर्शकों से प्यार और समर्थन सफलतापूर्वक एकत्र किया और दर्शकों को आश्वासन दिया कि घरत गणपति के पास कहने के लिए एक सुंदर कहानी है और लोग इसे पसंद करेंगे।

# रणबीर की ब्रह्मास्त्र हॉटस्टार पर भारत में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्म बनी



रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अभिनीत फिल्म ब्रह्मास्त्र की रिलीज को महीनों बीत चुके हैं, लेकिन रिलीज के बाद भी यह लगातार सुर्खियों में है। सिनेमाघरों में कई रिकॉर्ड बना चुकी यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। फिल्म ने अब डिजिटल रिलीज की दुनिया में भी एक शानदार रिकॉर्ड बनाया है। इस खबर से बेशक फिल्म के प्रशंसकों का दिल गदगद हो उठेगा।

एक्शन-एडवेंचर फैंटेसी फिल्म ब्रह्मास्त्र 4 नवंबर को हॉटस्टार पर आई थी। ओटीटी पर आने के बाद यह प्रशंसकों को आकर्षित करती रही। ब्रह्मास्त्र भारत में हॉटस्टार पर पहले 10 दिनों में स्ट्रीम किए गए घंटों के आधार पर अब तक की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्म बन गई है। दर्शकों पर अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी इस फिल्म की खूब दीवानगी दिखी, क्योंकि वे खासतौर पर हॉटस्टार पर अपनी पसंद की भाषा में इस फिल्म को देख पाए।

इससे पहले यामी गौतम की फिल्म अ थर्सडे हॉटस्टार पर सबसे ज्यादा देखी गई थी, वहीं अमेजन प्राइम वीडियो पर यह रिकॉर्ड फिल्म गहराइयां ने बनाया था। शर्मा जी नमकीन, दसवीं, जलसा, लूप लपेटा जैसी फिल्मों को भी इस साल ओटीटी पर खूब देखा गया।

निर्देशक अयान मुखर्जी ने कहा, मैं हॉटस्टार पर ब्रह्मास्त्र के डिजिटल प्रीमियर की प्रतिक्रिया से बेहद उत्साहित हूं। इसके लिए पूरी टीम ने जो कोशिश की है, वो खूब रंग लाई। मैं सभी प्रशंसकों को फिल्म को प्यार देने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। रणबीर ने कहा, मैं ब्रह्मास्त्र को हॉटस्टार पर मिली प्रतिक्रिया से खुश हूं। यह उन सभी के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट था और अयान मुखर्जी के लिए भी, जिन्होंने इस पर एक दशक तक काम किया।

ब्रह्मास्त्र 9 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में रणबीर और आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में हैं। इसमें अमिताभ बच्चन, नागार्जुन अक्किनेनी और मौनी रॉय भी हैं। यह फिल्म कुछ मायावी अस्त्रों की कहानी पर आधारित है, जो दर्शकों को नया और अद्भुत अनुभव देती है। 400 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 431 करोड़ रुपये की कमाई की। फिलहाल इस फिल्म के सीक्वल पर काम चल रहा है।

रणबीर को ब्रह्मास्त्र 2 में देखा जाएगा। वह फिल्म एनिमल में भी मुख्य भूमिका निभाएंगे। इसमें उनका एक ऐसा अवतार देखने को मिलेगा, जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में अनिल कपूर और रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगी। रणबीर निर्देशक लव रंजन की एक फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के साथ उनकी जोड़ी बनी है। फिल्म में दोनों की लव स्टोरी दिखाई गई है।

# सुबह के समय खाली पेट इन 5 पेय का करें सेवन, मिलेंगे कई फायदे



**सुबह का खान-पान आपके पूरे दिन के ऊर्जा स्तर पर प्रभाव डालता है। यही कारण है कि पोषण विशेषज्ञ लोगों को सलाह देते कि वे सुबह के समय ऐसी स्वास्थ्यवर्धक चीजों का ही सेवन करें, जो उन्हें ऊर्जावान और फ्रेश रखने में मदद कर सके। आइए आज हम आपको पांच ऐसे पेय के बारे में बताते हैं, जिनका सेवन सुबह के समय खाली पेट करने से कई तरह के स्वास्थ्य से जुड़े लाभ मिल सकते हैं।**

### गुनगुना नींबू पानी

एक गिलास गुनगुने पानी में दो चम्मच नींबू का रस मिलाकर पीने से शरीर को ढेर सारे पोषक तत्व मिल सकते हैं। नींबू विटामिन- सी का एक बेहतरीन स्रोत है, जो आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर कई बीमारियों और संक्रमण से सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है। इतना ही नहीं, यह आपके शरीर के पीएच स्तर को संतुलित रखने में भी मदद कर सकता है और सभी विषाक्त पदार्थों को प्रभावी ढंग से बाहर निकाल सकता है।

### नींबू, अदरक, काली मिर्च, हल्दी, दालचीनी और शहद का पानी

अगर आप रोजाना अपने दिन की शुरूआत एक गिलास पानी में नींबू का रस, अदरक का रस, एक चुटकी काली मिर्च का पाउडर, हल्दी पाउडर, दालचीनी पाउडर और शहद को मिलाकर पीने से करते हैं तो इससे कई तरह स्वास्थ्य फायदे मिल सकते हैं। यह मिश्रण आंत के लिए बहुत अच्छा है। इसके अतिरिक्त, यह पाचन क्रिया, रोग प्रतिरोधक क्षमता और मेटाबॉलिज्म के लिए काफी फायदेमंद है।

### व्हीटग्रास जूस

व्हीटग्रास यानी गेंहू की पत्तियां, जिसके जूस का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक साबित हो सकता है, क्योंकि यह कई जरूरी मिनरल्स और विटामिन्स से भरपूर होता है। इससे पाचन क्रिया में सुधार हो सकता है। इसके अतिरिक्त, व्हीटग्रास के जूस में मौजूद हाइपोलिपिडेमिक प्रभाव रक्त लिपिड का स्तर संतुलित करके खराब कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) का स्तर कम कर सकता है। वजन घटाने के लिए भी इस जूस का सेवन करना अच्छा है।

### गुनगुने पानी में तुलसी का रस मिलाकर पीएं

तुलसी को आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा, क्योंकि यह कई औषधीय गुणों से युक्त होती है। अगर आप रोजाना सुबह के समय खाली पेट एक गिलास गुनगुने पानी में तुलसी के रस की कुछ बूंदें मिलाकर पीते हैं तो यह आपके ऊर्जा स्तर को सक्रिय रखने और पाचन तंत्र को मजबूत बनाने में काफी मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त, यह रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने के साथ त्वचा के लिए भी लाभदायक है।

### थाइम, हल्दी, अदरक और काली मिर्च का पानी

इसके लिए एक पैन में पानी गरम करके उसमें कुछ थाइम के फूल, हल्दी पाउडर, कद्दूकस की हुई अदरक और एक चुटकी काली मिर्च डालकर इसे उबालें। फिर इस मिश्रण को छानकर एक कप में डालें और रोजाना सुबह के समय इसे पीएं। यह मिश्रण आपको सर्दी-खांसी समेत बलगम से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त, यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देने में भी मदद करता है।

# पठान से सामने आया शाहरुख का नया लुक



बॉलीवुड के किंग यानी शाहरुख खान साल 2023 में अपनी तीन फिल्मों (पठान, जवान और डंकी) से फैंस को बड़ा तोहफा देने वाले हैं। साल 2018 में आई फिल्म जीरो के बाद शाहरुख खान सिल्वर स्क्रीन पर धमाकेदार कमबैक करने वाले हैं। 25 जनवरी 2023 में शाहरुख खान की पहली फिल्म रिलीज होगी पठान सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी इस फिल्म में किंग खान के साथ एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम भी मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म में जॉन अब्राहम नेगेटिव किरदार दिखाई देंगे। हाल ही में पठान का टीजर रिलीज हुआ था, जिसमें शाहरुख खान बेहद ही खतरनाक लग रहे थे। अब पठान का नया पोस्टर रिलीज हुआ है। अब इस पोस्टर के सामने आने के बाद फिल्म को लेकर फैंस का एक्साइटमेंट दोगुना हो गया है। इस पोस्टर में शाहरुख खान अपनी गर्दन पर गन रखे नजर आ रहे हैं। फिल्म के इस नए पोस्टर को यशराज फिल्मस के ट्विटर हैंडल से शेयर किया गया है।

फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा गया है, उसे हमेशा लड़ाई में शॉटगन मिलती है। यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी। यशराज फिल्मस के इस पोस्ट पर लोग खूब कमेंट कर रहे हैं और अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, ग्रैंड कमबैक की ग्रैंड तैयारी। तो वहीं एक दूसरे यूजर ने लिखा, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बंपर सुनामी लेकर आएगी। बता दें कि इस फिल्म में शाहरुख खान एक स्पाई का रोल निभाएंगे और फिल्म में एक्टर जॉन अब्राहम से भिड़ते दिखेंगे।

बता दें कि पठान के बाद शाहरुख खान की फिल्म जवान 2 जून को बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ाएगी।


दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-

9303289950, 9827806026, 8962815243


BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में रेलवे डाक विभाग की हुई बैठक

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में आज दिनांक 6 दिसंबर 2022 को महानदी रेलवे सभागार डब्ल्यू आर एस कॉलोनी में डाक और रेलवे के बीच संयुक्त पार्सल बुकिंग की कार्य योजनाओं को लेकर बैठक का आयोजन किया गया । इसमें रेलवे बोर्ड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ;स्ट्रेटेजिक प्लानिंग एंड इम्प्लेमेंटेशनद्ध जीण् वीण् एलण् सत्य कुमारए रायपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमारए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ विपिन वैष्णव सहित रायपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं छत्तीसगढ़ सर्कल के चीफपोस्टमास्टर जनरल विधान चंद्र रॉयए डायरेक्टर पोस्टल सर्विसेस छत्तीसगढ़ दिनेश मिस्त्री एवं औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि और व्यवसायी शामिल हुए। इस बैठक का उद्देश्य रेल और पोस्टल विभाग के संयुक्त पार्सल उत्पाद सेवाश् की अवधारणा मॉडल को उजागर करना है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने घरो से डाक और रेलवे विभाग के सयुंक्त प्रयासों से अपने पार्सल पंहुचा सकेगें। उन्हें अपने पार्सल भेजने के लिये रेलवे स्टेशनों पर आने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके लिये रेलवे द्वारा एक नंबर जारी किया जायेगाए जिसकी सहायता से आप घर बैठे कॉल करके अपना पार्सल बुक करा सकते है।

### पीएम किसान सम्मान निधि में ई-केवाईसी कराने 15 तक समय

**सूरजपुर।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान निधि योजना में जिले के पंजीकृत समस्त हितग्राहियों को पीएम किसान पोर्टल में ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया है, इस संबंध में जिला के उप संचालक कृषि दिनेश चन्द कोशले ने बताया कि शासन द्वारा पीएम किसान योजना का लाभ पात्र कृषकों को देने हेतु ईकेवायसी करवाना अनिवार्य है। लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से अपना आधार नंबर को सत्यापन करा सकते है। भारत सरकार द्वारा कृषकों को पीएम-किसान पोर्टल में ई केवाईसी करवाने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2022 नियत की गई है। कुल लक्ष्य 121722 के विरूद्ध अब तक कुल 103103 हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण करा ली गई है।

# आयुक्त निरीक्षण में पहुंचे चंडी चौक, सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत नियमित निरीक्षण के दौरान आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी ने वार्ड क्रमांक 4 और वार्ड क्रमांक 33 एवं 34 क्षेत्र में सुबह 7 :30 बजे स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,पीआईयू शेखर वर्मा व टीम अमला के साथ पहुँचे।**

उन्होंने वार्ड 3 के पार्षद नरेंद्र बंजारे ने सारथी पारा,मठपारा,वार्ड 34 के पार्षद शशि द्वारिका साहू शिवपारा व बाबू तालाब व वार्ड 33 के पार्षद कमल देवांगन के साथ पैदल धुमकर सरस्वती नगर सहित अन्य जगहों निरीक्षण किया। इस दौरान पार्षदों ने अपने अपने वार्डो के जगहों की समस्यों से अवगत कराया।आयुक्त ने सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की व्यवस्था को देखा लोगो से फीडबैक लिया कहा झाडू और नाली सफाई हो रही है और वार्डो के नालियों की साफ सफाई के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्रो में बेहतर सफाई के लिए संबंधित वार्ड के स्वच्छता निरीक्षक एवं सफाई दरोगा एवं वार्ड सुपरवाईजर को वार्डो एवं सड़कों में साफ सफाई को और बेहतर किया जा सके।



उन्होंने ने कहा शहर में सफाई व्यवस्थाओ को और भी बेहतर करें साथ ही डस्टबिन लगाते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक का भी प्रयोग किसी को नही करने दे।आयुक्त लक्ष्मण तिवारी ने दुकानदारों को समझाइस देते हुए कहा कि दुकान के बाहर सफाई व्यवस्था बनाए रखें।गंदगी फैलाने पर जुर्माना की कार्यवाही की जाएगी।निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी ने कहा कि मकान निर्माण होने के पश्चात इसके मलबे को सड़क के किनारे मकान मालिक द्वारा ऐसे ही खुले में छोड़ दिया जाता है, उन्होंने कहा कि मकान मालिक को मलबा हटवाने को कहे अथवा समझाइश देने के बाद भी नहीं मानने पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई करें और मलबा हटवाए। सड़क किनारे मलबा पड़े होने के कारण आवागमन में बाधा के साथ ही दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ जाती है तथा गंदगी का आलम नजर आता है इसके साथ ही यह नाली को जाम कर देता है जिससे नाली सफाई में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोगो पर कार्यवाही के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में स्वच्छता अभियान जोरो से चल रहा है शहर की सभी बड़े नाले एवं वार्डो में स्थित छोटी एवं बडी नालियों की सफाई व्यवस्था पर सतत् निगरानी रखी जा रही है और साफ सफाई लगातार जारी है। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान देखा कि कचरा निष्पादन किए जाने के बाद भी झिल्ली- पन्नी सड़क किनारे में इधर-उधर बिखरे पड़े हैं व नाली की सफाई सही ढंग से नही इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली और स्वच्छता निरीक्षक सुपरवाइजर को स्पॉट पर नियमित रूप से सही ढंग से सफाई कराने के निर्देश दिए। सफाई में लापरवाही न हो, इस पर विशेष ध्यान देने कहा।

# गरियाबंद के अमलीपदर रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में होगी दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के बिन्द्रानवागढ़ में आयोजित भेंट-मुलाकात में क्षेत्र के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने गरियाबंद जिले के अमलीपदर रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना की घोषणा करते हुए कहा कि इससे दुग्ध उत्पादक किसानों को अच्छा लाभ होगा।**



मुख्यमंत्री ने गरियाबंद में पुस्तकालय भवन निर्माण, लो वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिए ग्राम पंटोरा में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना, गरियाबंद ब्लॉक के दर्रीपारा-जैतपुरी-आमदी मार्ग में सती नाले पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण, ग्राम शोभा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण, मैनपुर क्षेत्र के कचना धुरवा को पर्यटन केंद्र के तौर पर विकसित करने, धुरवागुड़ी में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की स्थापना की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात में मैनपुर के ग्राम उरमाल में शासकीय हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल के भवन निर्माण, मैनपुर कला पहुंच मार्ग में मैनपुर नाला पर पुल निर्माण, राजा पड़ाव गौरगांव में अड़गड़ी नाला, बाघ नाला, जरहीडीह नाला, शोभानाला में उच्च स्तरीय पुल निर्माण की स्वीकृति, ग्राम बम्हनीझोला से कोदोमाली मार्ग पर सड़क निर्माण, ग्राम कोदोमाली में विद्युतीकरण का कार्य कराने और मैनपुर ब्लॉक के इंदागांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात के लिए गरियाबंद जिले के बिंद्रानवागढ़ के खम्हारीपारा हेलीपेड पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता ने उनका उत्साहपूर्वक आत्मीय स्वागत किया। भेंट-मुलाकात स्थल पर मुख्यमंत्री ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री और सहायता राशि के चेक वितरित किए। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। भेंट मुलाकात में खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों सहित सभी वर्गों के लोगों की आय बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि भेंट-मुलाकात कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है या नहीं, यह जानना है। भेंट-मुलाकात के दौरान कृषक श्री कृष्ण कुमार नाग ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनका 50 हजार रूपए का कर्ज माफ हुआ है। उन्होंने 65 क्विंटल धान बेचा है। कर्ज माफी से बचे पैसे और समर्थन मूल्य पर धान बेचने और राजीव गांधी किसान न्याय योजना से मिली राशि से उन्हें काफी राहत मिली है। श्री कृष्ण कुमार नाग ने बताया कि उन्होंने तीन ट्रेक्टर खरीदे हैं, जिसे किराये पर चलाकर वे पैसा कमा रहे हैं। महिला स्व सहायता समूह की केशरी सोनवानी ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके समूह ने 359 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट बनाया है। इससे मिली राशि समूह के सदस्यों के बीच वितरित की गई। किशोरी सोनवानी ने बताया कि उन्हें मिली राशि से अपने लिए सोने का झुमका लिया है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात के दौरान ग्रामीणों से राशन कार्ड और उचित मूल्य की दुकान से मिलने वाले राशन के बारे में जानकारी ली। एक हितग्राही गीता सूर्यवंशी ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनका राशन कार्ड बना है, 35 किलो चावल, शक्कर और नमक निःशुल्क मिलता है। बस गैस सिलेंडर महंगा हो गया है।

# रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की अनुभव यात्रा में शामिल हुए सीनियर सिटीजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित जीवन सुगमता सूचकांक-2022 सर्वेक्षण में फीडबैक हेतु अभिनव पहल करते हुए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. ने शहर के वृद्धजनों को शहरी प्रोजेक्ट व पौराणिक स्थल की सैर कराई।**

महापौर श्री एजाज़ ढेबर ने इस अनुभव यात्रा में बुजुर्गों के साथ बस में सवार होकर शहर विकास में उनकी राय ली एवं सीनियर सिटीजन के अनुरोध पर आनंद समाज वाचनालय के ऊपरी तल के सभाकक्ष को वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायती दर पर उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि अनुभव यात्रा जैसी महत्वपूर्ण पहल आगे भी जारी रहेगी और सीनियर सिटीजन को महत्वपूर्ण स्थलों के सैर के लिए नगर निगम सहयोग देगा। यह आयोजन हेल्पेज इंडिया के सहयोग से किया गया, जिसमें शहर के विभिन्न सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के सदस्य सहित वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों ने विशेष बस में यात्रा कर महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण किया।

रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के प्रबंध संचालक मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर आज आयोजित हुई यह अनुभव यात्रा शहर के लिए एक नई पहल रही। अनुभव यात्रा की शुरुआत सन् 1908 में निर्मित ऐतिहासिक आनंद समाज वाचनालय से हुई। वरिष्ठ नागरिकों ने 50-60 दशक में इस आनंद समाज की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए बताया कि स्वाधीनता आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने के लिए यह स्थल सर्वाधिक ख्यातिलब्ध रहा है। उन्होंने रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा पुनरुद्धार योजना के तहत प्रथम तल पर निर्मित बैठक कक्ष को अत्यधिक उपयोगी बताते हुए अपने आयोजन के लिए उपयुक्त कहा। महापौर एजाज़ ढेबर स्वयं भी सीनियर सिटीजन के साथ बस में यात्रा की और इनसे चर्चा करते हुए कहा कि आनंद समाज का सभाकक्ष सीनियर सिटीजंस की बैठकों के लिए रियायती दर पर प्राथमिकता के साथ रायपुर नगर निगम उपलब्ध कराएगा।

अनुभव यात्रा में रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक जनसंपर्क आशीष मिश्रा, दक्ष आईटीएमएस प्रणाली में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में रायपुर स्मार्ट सिटी लि. ने सभी को विस्तार से अवगत कराया।

# बड़ी उपलब्धि : राज्य में मनरेगा से रोजगार मुहैया कराने में बलौदाबाजार-भाटापारा जिला प्रथम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलौदाबाजार। कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश एवं जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा के सतत मॉनिटरिंग में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के क्रियान्वयन में बलौदाबाजार- भाटापारा जिले का पूरे राज्य में पहला स्थान है। जिले के 553 ग्राम पंचायतों में 57 हजार 997 हितग्राहियों को रोजगार मुहैया कराया जा रहा है।**



जिसमें जनपद पंचायत कसडोल के 111 ग्राम पंचायतों में 10 हजार 875,भाटापारा के 77 ग्रामों में 9 हजार 347, पलारी के 81 ग्रामों में 8 हजार 845 बलौदाबाजार के 97 ग्रामों में 10 हजार 797,सिमगा के 89 ग्रामों में 8 हजार 810 एवं बिलाईगढ़ के 98 ग्रामों में 9 हजार 717 हितग्राही शामिल है। सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा के के साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ग्रामीणों के आजीविका का आधार स्तंभ है। योजना से ग्रामीणो को रोजगार की प्राप्ति के साथ ही साथ ग्रामो में स्थायी परिसंपत्ति का निर्माण भी किया जाता है।

जिसमे मुख्यत: पंजीकृत श्रमिको को रोजगार प्रदाय किया जाना,जल संरक्षण के कार्यो पर व्यय,कृषि एवं कृषि कार्य से संबंध संरचनाओ पर व्यय,समय पर मजदूरी भुगतान,समय पर कार्यो की स्वीकृति, प्रति परिवार औसत सृजित मानव दिवस,कार्य का पूर्णता का प्रतिशत, आंगनबाड़ी भवन निर्माण,निजी डबरी, सामुदायिक नवीन तालाब,कुंआ निर्माण आदि शामिल है। इसके साथ ही उन्होनें बताया कि विभाग द्वारा राज्य स्तर की जारी सूची के आधार पर बलौदाबाजार -भाटापारा जिला प्रथम स्थान पर जबकि गरियाबंद जिला को दूसरे एवं कांकेर को तीसरे स्थान रोजगार के मानव सृजन में मिला है।कलेक्टर श्री बंसल ने इस उपलब्धि हेतु महात्मा गांधी नरेगा के समस्त अधिकारी,कर्मचारी,रोजगार सहायक एवं ग्राम पंचायतो के सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि को बधाई एवं धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा का कार्य बिना जनप्रतिनिधियों के सहयोग बिना संभव नही हो पाता है। उनके जागरूकता से ही मनरेगा के कार्य गावों में सुचारू रूप से चल पाता है।उन्होंने आगें कहा की भविष्य में भी हमें इसी तरह कार्य करतें रहना है। जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा ने भी बताया की सभी पंचायतों में जल संरक्षण के कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं वर्तमान में भूजल स्तर में काफी अधिकता से गिरावट हो रही है जिसके रोकथाम हेतु जल संरक्षण के कार्य ग्राम पंचायतों में खोले गए हैं। पंचायत में रोजगार की मांग अधिक होने पर वार्ड वार कार्य प्रारंभ ना कर,एक साथ दो से तीन कार्य प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम में जरूरतमंद प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक रोजगार मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही पूरे कार्य को सतत मॉनीटरिंग करनें के निर्देश दिए है।

# सारे दुख से मुक्ति का मार्ग है दीक्षा- आचार्य विशुद्ध सागर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज ने कहा कि वीतराग का मार्ग सबसे कठिन मार्ग है लेकिन इसमें आनंद है। सारे दुख से मुक्ति का मार्ग दीक्षा है। जो जीव माया शून्य होकर देव की आराधना करता है उसे फल निष्चित रूप से मिलता है।**

पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव में आचार्य विषुद्ध सागर ने दीक्षा से पहले महेन्द्र बाकलीवाल को दीक्षा के बाद पालन किए जाने वाले नियमों से अवगत कराया। उन्होंने इन्द्रियों में रसना व ब्रम्हचर्य व्रत के पालन का उपदेष दिया और कहा कि अपनी इच्छाओं का दमन कर मोह का त्याग करके मोक्ष के मार्ग पर आगे बढ़े । उन्होंने कहा कि आचार्य सुन्मति जी ने छत्तीसगढ़ में पहला चातुर्मास दुर्ग में किया, समाज में संस्कार आचार्य का उपकार है। गुरू की भक्ति की है भाव बदल गए है और दीक्षा लेने का भाव बना है, उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि भाव पैदा करे कि ऐसा समय हमारे जीवन में भी आए।

नसिया तीर्थ में ब्रम्हचारी महेन्द बाकलीवाल की क्षुल्लक दीक्षा में अखंड जैनत्व की अद्भुत मिसाल देखने को मिली। दिगम्बर समाज के साथ श्वेताम्बर समाज के लोग भी शामिल हुए। क्षुल्लक मुनि दीक्षा में आचार्य रतन मुनि के प्रभावक षिष्य आदित्य मुनि व रमन मुनि भी शामिल हुए। ब्रम्हचारी महेन्द्र को आचार्य विषुद्ध सागर जी महाराज ने दीक्षा दिलाई। ब्रम्हचारी महेन्द्र क्षुल्लक सोहम सागर बन गए। क्षुल्लक सोहम सागर को सोहन लाल गिरधारी लाल कैलाष कुमार काला बेल्हारी ने पात्र भेंट किया।

**।। न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला- दुर्ग।।**

**मामला क्रमांक / / सन् 2022-23**

**उदघोषणा-पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है- आवेदक दैनिक चिन्तक छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित सांध्य दैनिक के द्वारा दुर्ग जिले में दैनिक चिन्तक समाचार पत्र का प्रकाशन पिछले 55 वर्ष से लगातार हो रहा है। दुर्ग जिले का सबसे पुराना और सबसे पहला समाचार पत्र है, समाचार पत्र दैनिक चिन्तक का पंजीयन क्रमांक-63636 है। अविभाजित मध्य प्रदेश में दैनिक चिन्तक 36 वें नंबर पर रहा है। दैनिक चिन्तक समाचार पत्र ने इस समयावधि के दौरान देश व प्रदेश के पाठको के बीच अपनी एक अलग जगह बनाई है। समाचार पत्र के प्रकाशन के बदलते स्वरूप और अत्याधुनीकरण के बीच वर्तमान में प्रिन्ट व डिजीटल में दैनिक चिन्तक समाचार पत्र के तीन लाख पाठक है। समाचार पत्र के लगातार बढ़ते प्रभाव व प्रकाशन के लिए इस्तेमाल हो रही तकनीकी के मद्देनजर समाचार पत्र व प्रेस के लिए एक बड़ी जगह की आवश्यकता है शासन की नीति के अनुरूप समाचार पत्र को शासकीय जमीन के आबंटन का प्रावधान है । दैनिक चिन्तक समाचार पत्र को प्रकाशन से लेकर अब तक एक बार भी शासकीय जमीन के आबंटन का लाभ नही मिला है। माननीय महोदय से अनुरोध है कि मिनी माता चौक से गोकुलनगर के बीच जी. ई. रोड पर खसरा क्रमांक- 132/2 की रिक्त शासकीय जमीन से 7500 वर्गफीट भूखंड रियायती दर पर प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र नजूल अधिकारी दुर्ग दिनांक 18/11/22 के माध्यम से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 29/12/22 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकतें है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29/11/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

तहसीलदार
जिला दुर्ग

# जनसामान्य की समस्या का निराकरण स्थानीय स्तर पर हो-कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर से डोमन सिंह ने आज जन-चौपाल कार्यक्रम में जनसामान्य की समस्याओं को सुना। कलेक्टर ने कहा कि आमजन अपनी समस्याओं को लेकर कहीं ना कहीं परेशान होते हैं । इसके समाधान के लिए जन-चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि जन चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से जनसमान्य की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना जा रहा है। जन चौपाल कार्यक्रम में जनसामान्य बिना किसी परेशानी के अपनी बात रख पाते हैं। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय के साथ ही सभी जनपद स्तर और अनुभाग स्तर पर भी जन चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी ग्राम पंचायतों में भी पटवारी और सचिव बैठकर जनसमान्य की समस्याओं को सुन रहे हैं। इससे ग्रामीण अंचलों के लोगों की समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर हो रहा है। इससे जनसामान्य की समय, श्रम और राशि की बचत हो रही है। कलेक्टर ने कहा कि कुछ आवेदक ऐसे भी होते हैं, जिन्हें परामर्श और मार्गदर्शन की जरूरत होती है। ऐसे लोगों को आवश्यक सलाह और सुझाव भी दिया जाता है। जन-चौपाल कार्यक्रम में आज 26 नागरिकों ने कलेक्टर से भेंट कर अपनी समस्या से संबंधित आवेदन दिए। कलेक्टर ने किसानों को किसान किताब वितरित किया।






















## खास खबर

### ट्रक की चपेट में स्कूटी सवार युवक दो पहियो के बीच फंसा, ट्रक छोड़कर भागा चालक

**सरगुजा।** जिला मुख्यालय अंबिकापुर के रिंग रोड में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया है। यहां एक ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई। मृतक युवक ट्रक के दो पहियों के बीच काफी देर तक फंसा रहा। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मृतक की शिनाख्ती का प्रयास कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना रिंग रोड पर प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप हुई है। बताया जा रहा है कि गांधी चौक की ओर से ऐ तेज रफ्तार ट्रक आ रही थी जिसने स्कूटी सवार को कुचल दिया। हादसे में स्कूटी सवार दो पहियों के बीच ऐसे फंसा कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई थी। भीड़ देख चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

### बिरयानी बनने में देरी होने का पूछा कारण तो हो गई मारपीट मामला दर्ज

**रायपुर (ए)।** राजधानी में एक बिरयानी सेंटर में बिरयानी के नाम पर मारपीट हो गई। जानकारी के मुताबिक, राजधानी के रहवासी कान्हा कुमार ने शिकायत दर्ज कराई कि वे राठौर चौक स्थित मनीष बिरयानी सेंटर में बिरयानी खाने गए थे।

उन्होंने खाने में बिरयानी का ऑर्डर दिया था लेकिन खाना आने में काफी देर हो रही थी जिस पर उन्होंने बिरयानी आने में देरी होने का कारण पूछा जिस पर आरोपियों ने उनसे मारपीट की। शिकायत के आधार पर गंजथाना पुलिस ने आरोपी पुरूषोत्तम ताण्डी, महेश एवं अन्य के खिलाफ धारा 294,506, 323, 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### अवैध शराब बिक्री करते दो पकड़ाए

**बलौदाबाजार (ए)।** आबकारी विभाग ने जिले के सिमगा स्थित एक मकान से 90 हज़ार रुपए मूल्य की 15 पेटी शराब जब्त की है और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आबकारी विभाग के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली कि सिमगा के शंकर नगर स्थित मकान में अवैध शराब बिक्री के लिये रखा गया है जिस पर आबकारी सहायक आयुक्त विकास गोस्वामी के निर्देश पर आबकारी विभाग की टीम ने दबिश देकर 15 पेटी मध्यप्रदेश निर्मित अवैध गोवा अंग्रेजी शराब जब्त की।

वहीं दो आरोपी अजय वैष्णव और अरुण गौतम निवासी सिमगा को गिरफ्तार किया गया है।

# सफाई कर्मी की मौत निगम में हंगामा, शव रखकर प्रदर्शन, ठेकेदार को बुलाने पर अड़े, मुआवजा भी ठुकराया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई में मंगलवार को सफाई कर्मी की मौत पर जमकर हंगामा हुआ। काम के दौरान हादसे का शिकार होने के बाद इलाज के दौरान रायपुर में सोमवार को सफाई कर्मी की मौत हो गई। सफाई कर्मी की मौत के बाद भी न तो एजेंसी ने और न ही निगम ने किसी प्रकार की सहायता की। बढ़ते हंगामें के बीच निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने शुरुआती राहत के तौर पर 15 हजार दिया। पहले तो परिजनों ने रुपए लेने से इंकार कर दिया।



इसके बाद समझाइश का दौर चला। मौके पर मौजूद पुलिस व निगम के अधिकारियों ने काफी देर तक समझाया। हंगामें के बीच तहसीलदार क्षमा यदु भी मौके पर पहुंची और उन्होंने पूरे मामले में लोगों को आश्वस्त किया कि 15 दिनों में न्योचित कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद परिजनों ने शुरुआती तौर पर दी जा रही 15 हजार रुपए की राशि ले ली।

बता दें नेहरू नगर जोन के वार्ड 3 में 28 नवंबर को सफाई कर्मी दरिश सोना दुर्घटना ग्रस्त हो गया। इसके बाद घायल दरिश सोना को इलाज के लिए पहले भिलाई के अस्पताल में भर्ती कराया गया। भिलाई से उसे रायपुर रेफर किया गया। रायपुर के अस्पताल में इलाज के दौरान 5 दिसंबर को दरिश सोना की मौत हो गई। दरिश सोना के घायल होने से लेकर अभी उसकी मृत्यू तक उसके परिवार को किसी भी प्रकार की सहायता राशि नहीं मिली।

दरिश सोना ठेका एजेंसी पीवी रमन, तालपुरी रिसाली के अधिनस्थ कार्यरत था। शव के साथ प्रदर्शन कर रहे कर्मचारी यूनियन ने मृतक के परिवार को 10 लख रुपए का मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही उनके परिवार को एक आवास की सुविधा भी दी जाए। नगरीय निकाय जनवादी सफाई कामगार यूनियन व छत्तीसगढ़मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति के साथ परिजनों व अन्य श्रमिकों ने मृतक का शव रखकर प्रदर्शन किया। इस दौरान निगम गेट के सामने जमकर हंगामा हुआ।

### नहीं मिलती किसी प्रकार की सुविधा

बता दें निगम में कार्यरत प्लेसमेंट सफाई कर्मचारियों व मानदेय पर कार्यरत सफाई मित्र, स्वच्छता कामण्डो के रूप में कार्यरत श्रमिकों को किसी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है। शासन एवं प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा आकस्मिक निधन या कार्य के दौरान दुर्घटनत्रस्त होने पर किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति नहीं दी जाती। इसके विपरीत आद्योगिक कारखानों या अन्य संस्थानों क्षेत्रों में दुर्घटनाग्रस्त कामगारों के परिवार को उचित मुआवजा एवं क्षतिपूर्ति राशि दी जाती है। नगरीय निकाय जनवादी सफाई कामगार यूनियन व छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति ने इस दौरान मांग की है कि कार्यस्थल दुर्घटना में हर मृतक के परिवार को 10 लाख रुपय मुआवजा और निगम प्रशासन के तरफसे मृतक परिवार के लिए आवास की व्यवस्था किया जाए। सभी कर्मचारियों के लिए 10 लाख का बीमा कराया जाए और अंतिम संस्कार के लिए 15000 रुपए दिया जाए।

# 14 साल की बच्ची से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर (ए)।** राजधानी में 14 साल की बच्ची से गैंगरेप का मामला उजागर हुआ था। एक बाल आश्रम में हुए इस कांड को करीब 1 साल तक दबाकर रखा गया था। मीडिया में खबर लीक होने के बाद पुलिस एक्शन में आई। इस केस में पिछले महीने एक युवक को पुलिस ने बिलासपुर से अरेस्ट किया था। अब डीएनए रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि इसकी वजह से बच्ची मां बन गई थी।

रायपुर ग्रामीण एसपी कीर्तन राठौर ने मीडिया को पुष्ट जानकारी देते हुए बताया कि बिलासपुर से गिरफ्तार आरोपी का डीएनए मैच हुआ है। इसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। इससे ये तय हो गया कि इस केस में नाबालिग से गैंगरेप में दो लोग शामिल थे। हालांकि चर्चा दो से अधिक लोगों के शामिल होने की भी है।

एक साल पहले हुए इस कांड में एक आरोपी को गिरफ्तार कर केस क्लोज कर दिया गया था। मगर मीडिया में खबरों के बाद एक नए आरोपी को बिलासपुर से पकड़ा गया, जिसका डीएनए बच्चे से मैच हुआ है।

### आश्रम में काम करने वाला ही निकला आरोपी

जिस आरोपी से बच्चे का डीएनए मैच कर गया उसका नाम आदित्य खांडे है, ये अपने दोस्त अंजनी शुक्ला के साथ आश्रम में ही काम करता था। वहीं बच्ची का रेप किया। दोनों इस कांड में शामिल थे। इस कांड के करीब 6 महीने बाद अंजनी को पकड़ लिया गया था। मगर आदित्य फरार था। आदित्य से पुलिस आश्रम के प्रबंधन के संबंध में भी पूछताछ कर रही है क्योंकि जब बच्ची 6 महीने की प्रेग्नेंट हो गई तब प्रबंधन की ओर से केस दर्ज कराया गया था। तब तक मामला दबाकर रखा क्यों गया इसका जवाब अब तक साफनहीं हो सका है।

# गांजे की खेती करने वाला ग्रामीण गिरफ्तार

**कोरबा (ए)।** घर के बाड़ी में गांजा पौधा लगाकर रखने वाले एक ग्रामीण को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। न्यायालय से उसे जेल भेज दिया है। हरदीबाजार चौकी अंतर्गत रेकी निवासी झूनाराम पटेल (55) घर की बाड़ी में गांजा पौधा लगाकर रखा था।



मुखबिर ने इसकी सूचना हरदीबाजार पुलिस को दी, जिसमें बिक्री की नीयत से गांजा पौधा लगाना बताया। सूचना के आधार पर हरदीबाजार चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा ने स्टाफ के साथ वहां छापा मारा, जहां घर की बाड़ी से 3 गांजा पौधा मिला, जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया।

### बिजली का काम कर रहे इलेक्ट्रिशियन आया करंट की चपेट में, ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज

**रायपुर (ए)।** राजधानी के एक निर्माणाधीन मकान में बिजली का काम कर रहा कर्मचारी करंट की चपेट आ गया। इस मामले में ठेकेदार के ऊपर मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना खमतराई थाना क्षेत्र क रावाभाठा का है जहां भारत टण्डन एवं अरविंद टण्डन नाम के बिजली कर्मी बिजली का काम कर रहे थे। इस दौरान दोनों को करंट ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद दोनों को घायल हालत डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने इस मामले में ठेकेदार महेंद्र मडामे, प्रेमसाहु एवं मकान मालिक वी के सिंह क खिलाफ लापरवाही से और बिना सुरक्षा उपलब्ध कराए काम कराने के आरोप में धारा 287 और 337 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

खाना खाते वक्त मिया-बीबी में हुआ झगड़ा

# बेसुध होते तक पीटता रहा पति अस्पताल में महिला ने तोड़ दिया दम



**रायपुर।** खाना खाते समय पति-पत्नी के बीच झगड़ा हो गया। पति ने पत्नी की ऐसी पिटाई कर दी कि उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक सरोना निवासी 35 वर्षीय रेखा आडिल और उसके पति संजय आडिल शनिवार की दोपहर खाना खा रहे थे। इस दौरान दोनों के बीच झगड़ा हो गया। पत्नी ने भी संजय से गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। इससे संजय को गुस्सा आ गया और उसने रेखा की जमकर पिटाई कर दी।

पति की पिटाई से महिला के पेट और छाती में गंभीर चोटें आईं। इससे वह बेसुध हो गई। इसके बाद संजय ने आसपास के लोगों की मदद से उसे एम्स अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में इलाज के दौरान रेखा की मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने जीरो में मर्ग कायम कर डीडी नगर थाने में केस ट्रांसफर कर दिया। डीडी नगर पुलिस ने मामले की जांच की, तो मारपीट करने का खुलासा हुआ। इसके बाद पुलिस ने आरोपी संजय को पत्नी की हत्या के मामले में गिरफ्तार कर लिया है।


बाइक सवार युवकों को हाथी ने सूंड से पकड़ा

# पटककर उतार दिया मौत के घाट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** घरघोड़ा से लगे जंगल में एक बार फिर हाथी ने पैर से कुचलकर युवक को मार डाला। घटना घरघोड़ा सींस के टेंडा नवापारा जंगल की है। जहां बाइक से लौट रहे दो युवकों का सामना हाथी से हो गया। इस बीच हाथी ने एक युवक को कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। वहीं दूसरा युवक वहां से भाग कर किसी तरह अपनी जान बचा पाया।





मिली जानकारी के अनुसार टेन्डा नवापारा में लक्ष्मी पूजा के अवसर पर कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के बाद जितेंद्र पिता संतोष राठिया 20 साल, निवासी नंगोई रविवार रात करीब 11 बजे अपने दोस्त के साथ बाइक में सवार होकर टेन्डा नवापारा से आश्रित ग्राम चारमार के पहुंचा था। इसी बीच बाइक सवार युवकों सामना हाथी से हो गया।

### हाथी ने पकड़ लिया

हाथी से सामना होते ही बाइक चला रहा है युवक किसी तरह वहां से अपनी जान बचा कर भाग गया। जितेंद्र भी मौके से जान बचाने के लिए भागने लगा, लेकिन वह कुछ दूर ही पहुंचा था कि हाथी ने दौड़ा कर उसे पकड़ लिया और उसे उठाकर पटका। इससे उसकी मौत हो गई।

### वन विभाग पहुंचा मौके पर

जान बचाकर मौके से भागे युवक ने इसकी जानकारी गांव के अन्य लोगों को दी। जिसके बाद ग्रामीणों ने मामले की जानकारी वन विभाग को दी। इसकी सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे जहां युवक की लाश पड़ी थी। विभागीय अधिकारियों ने पंचनामा कर शव को पीएम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।


राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)


## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**(द्वितीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 115839/निविदा सूचना क्र.16/वलेलि/2022-23 बालोद, दिनांक 0512/2022

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 22.12.2022 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम :- बालोद जिले के विकासखंड डौण्डी की भर्रीटोला व्यपवर्तन योजना के मुख्य नगर के आर.डी. 0 से आर.डी. 5825 मी. तक रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्य, 06 नग पूर्व निर्मित पक्के कार्यों का मरम्मत, 10 नग नये पक्के कार्यों का निर्माण एवं 18 नग कोलाबा लगाने का कार्य।**

**अनुमानित लागत :- रू. 235.91 लाख**

(दिनांक 01.08.2010 के एस.ओ.आर. तथा संशोधित 01.08.2014 के अनुसार)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 12.12.2022 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोट:-** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, बालोद**
**कृते-मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.**

जी-96443/3


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### दिव्यांगजन दिवस पर अल-मदद ने बच्चों को दिए उपहार

**भिलाई।** विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की सदस्यों ने मंगलवार को प्रयास मूक बधिर शाला सुपेला में बच्चों के साथ पल गुजारे। इस दौरान सोसाइटी की ओर से यहां के बच्चों को चिप्स-चॉकलेट के अलावा उपहार के तौर पर स्वेटर और बैट-बॉल प्रदान किए। सोसाइटी ने यहां के करीब 150 बच्चों में यह उपहार बांटे। सोसाइटी की अध्यक्ष अंजुम अली, कौसर खान, शाहीन खान, शबाना सिद्दीकी, फरीदा अली, एसएन शेख, आयशा आलम, शमीना खान, शमीम अशरफी और साबरा अशरफी सहित अन्य लोगों ने अपना योगदान दिया।

### जीपीएफ के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर 9 तक

**दुर्ग।** संचालक, कोष-लेखा एवं पेंशन के विशेष पहल से कार्यालय महालेखाकार छत्तीसगढ़ रायपुर एवं जिला कोषालय दुर्ग द्वारा सामान्य भविष्य निधि खातों के लंबित प्रकरणों का निराकरण शिविर का आयोजन दिनांक 07 दिसंबर से 09 दिसंबर तक जिला कोषालय दुर्ग में किया जा रहा है। कार्यालय महालेखाकार से प्राप्त लंबित प्रकरणों की जानकारी जिले के सभी आरहण एवं संवितरण अधिकारियों को उपलब्ध करा दी गई है। साथ ही शिविर में प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किया गया है, जिसके अनुसार जानकारी सहित डी.डी.ओ. / लेखापाल शिविर में उपस्थित होंगे । जिला कलेक्टर द्वारा समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों उक्त शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने तथा सामान्य भविष्य निधि के प्रकरणों का निराकरण कराने का निर्देश दिया गया है। वांछित प्रमाणकों की सूची आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को सेवानिवृत्त कर्मचारियों के जी.पी.एफ के ऋणात्मक शेष के प्रकरणों का भी निराकरण संबंधित डी.डी. ओ. शिविर में करायेंगे। इसके लिए डी.डी.ओ. संबंधित कर्मचारी की जी. पी.एफ पासबुक व अन्य समस्त आनुषंगिक जानकारी के साथ शिविर में उपस्थित होंगे । ऋणात्मक शेष अधिरोपित अभिदाता भी यदि खाते में सुधार हेतु महालेखाकार को अभ्यावेदन सुसंगत अभिलेखों के साथ देना चाहें तो शिविर में उपस्थित होकर दे सकते हैं ।

### 3027 युवाओं ने अग्निवीर बनने दिखाया कौशल

**दुर्ग।** सेना भर्ती रैली में युवाओं का अपूर्व उत्साह दुर्ग जिले में दिख रहा है। सेना भर्ती स्थल के पास बड़ी संख्या में युवा अपना कौशल दिखाने पहुंच रहे हैं। सेना भर्ती में आज 5556 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था इसमें 3027 युवा भर्ती रैली में भाग लेने पहुंचे। उल्लेखनीय है कि इन युवाओं के रूकने और भोजन की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराई गई है और सारी व्यवस्थाओं की निरंतर मानिटरिंग कराई जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपसंचालक जनशक्ति नियोजन राजकुमार कुर्रे ने बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से युवाओं की सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया जा रहा है। नोडल अधिकारी लगातार स्थिति की मानिटरिंग में लगे हुए हैं। जहां भी किसी तरह की दिक्कत होती है समाधान के लिए तुरंत निर्देशित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा नियमित रूप से सेना भर्ती स्थल में पहुंच कर सुविधाओं का जायजा ले रहे हैं और नोडल अधिकारियों से लगातार व्यवस्था की जानकारी ले रहे हैं।

#### श्रमिकों को राहत देने गृहमंत्री के सुझाव पर एमआईसी की मुहर

# झुग्गी बस्ती में रहने वालों को टैक्स में 16 साल की छुट, कर निर्धारण 2015 से

## एकमुश्त जमा करने पर पेनल्टी में 50 प्रतिशत की छुट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। नगर पालिक निगम रिसाली महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली परिषद ने गरीबों को टैक्स में 16 साल की छुट देने का बड़ा फैसला लिया है। महापौर परिषद ने निर्णय लिया है कि झुग्गी बस्ती में टैक्स का निर्धारण अब 2015 से किया जाए। दुर्ग ग्रामीण विधायक व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के सुझाव को अमल करते हुए एमआईसी ने टैक्स जमा नहीं करने पर लगने वाले अधिभार व दाण्डिक शुल्क को 2019 से लिए जाने के लिए एक स्वर में सहमत होते हुए प्रस्ताव पारित किया।**



रिसाली निगम आय बढ़ाने के लिए बकायादारों से सख्ती से पेस आएगी। वहीं दूसरी ओर लक्ष्य को बढ़ाने नए टैक्स निर्धारण करने पर जोर दिया है। परिषद के सद्स्यों ने निर्णय लिया है कि निगम झुग्गी बस्ती में टैक्स वसूली करने अभियान चलाए। बस्ती में टैक्स का निर्धारण वर्ष 2015 से किया जाए। वहीं टैक्स जमा नहीं करने पर लगने वाले 8 प्रतिशत अधिभार व दाण्डिक शुल्क 1000 रूपए निगम गठन वर्ष 2019 से ली जाएगी। महापौर परिषद की बैठक में परिषद के सद्स्य चन्द्रभान सिंह ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, अनुप डे, सनीर साहू, परमेश्वर कुमार, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, आयुक्त आशीष देवांगन, कार्यपालन अभियंता एस.के. बाबर व विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

### चार हजार को मिलेगा लाभ

यह लाभ नेवई भाठा, स्टेशन मरोदा, पुरैना और रूआबांधा के झुग्गी बस्ती में रहने वालों को मिलेगा। वर्तमान में लगभग 4000 घर है जो टैक्स जमा नहीं कर रहें। ऐसे लोगों से टैक्स वसूली करने का निर्णय परिषद ने ली है।

### 50 प्रतिशत की छुट भी

झुग्गी बस्ती में रहने वालों को छुट भी दी जा रही है। अगर कोई व्यक्ति अपने आवास का टैक्स निर्धारण 2015 से कराकर एकमुश्त टैक्स जमा कराता है तो वह दाण्डिक शुल्क और अधिभार में 50 प्रतिशत छुट की पात्रता रखेगा।

### नियम इन पर लागू नहीं

परिषद ने स्पष्ट किया है कि यह नियम केवल झुग्गी बस्ती के लिए है। रजिस्ट्री जमीन या निजी जमीन पर मकान बनाने अथवा कालोनी में रहने वालों पर लागू नहीं होगा। एमआईसी ने राजस्व विभाग को निर्देश दिए है कि टैक्स वसूली की समीक्षा प्रत्येक कार्य दिवस में किया जाए।

### इसलिए बड़ी राहत

रिसाली निगम का गठन 3 वर्ष पहले हुआ है। वर्तमान में टैक्स दर निर्धारण भिलाई नगर निगम के दर को लागू किया गया है। टैक्स निर्धारण 1999 से कर बकाया राशि पर अधिभार व दाण्डिक शुल्क ली जा रही थी। यही वजह है कि टैक्स की राशि अधिक होने के कारण श्रमिक वर्ग टैक्स जमा करने में रूचि नहीं दिखा रहा था। इसे देखते हुए रिसाली निगम ने झुग्गी बस्ती में 1999 के बजाय अब 2015 से टैक्स निर्धारण करने प्रस्ताव पारित कर अमल में लाने निर्णय लिया।

रिसाली निगम क्षेत्र का बहुत बड़ा हिस्सा श्रमिक बाहुल्य है। टैक्स निर्धारण राशि अधिक होने के कारण वसूली संभव नहीं था। एमआईसी ने झुग्गी बस्ती में रहने वालों को टैक्स में छुट दी है। अब उन्हें टैक्स जमा करने में आसानी होगी। एमआईसी द्वारा प्रस्ताव पारित करने के बाद निगम श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में 2015 से टैक्स निर्धारण कर टैक्स की राशि जमा कराने प्रेरित कर रहा है।

आशीष देवांगन
आयुक्त, नगर पालिक निगम रिसाली

## दुर्ग पुलिस ने दी स्मृति नगर चौकी प्रभारी युवराज देशमुख को श्रद्धांजलि याद कर भावुक हुए साथी कर्मी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। दो दिन पहले स्मृति नगर चौकी प्रभारी युवराज देशमुख की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इस हादसे से दुर्ग पुलिस की पूरी टीम भावुक है। मंगलवार को स्मृति नगर चौकी में प्रभारी रहे युवराज देशमुख की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दुर्ग पुलिस के अधिकारी व कर्मचारियों ने उने उन्हें श्रद्धांजलि दी और सभी भावुक हो गए।**

बता दें रविवार रात को ड्यूटी के बाद राजनांदगांव अपने घर लौटते समय स्मृति नगर चौकी प्रभारी युवराज देशमुख सड़क हादसे का शिकार हो गए थे। इस हादसे में उनकी मौत हो गई। युवराज देशमुख दुर्ग पुलिस के काबिल अफसर थे और उन्होंने कई अहम केस सुलझाने में सफलता पाई थी। हाल के दिनों में महादेव बुक से जुड़े सटोरियों को पकड़ने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

स्मृति नगर चौकी प्रभारी युवराज देशमुख के निधन से पूरा पुलिस महकमा गमगीन है। एसपी डॉ अभिषेक पल्लव से लेकर जिले के सभी पुलिस कर्मी उनकी कमी महसूस कर रहे हैं। मंगलवार को हुई श्रद्धांजलि सभा के जिले के सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। सभी ने उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर एएसपी संजय ध्रुव से लेकर सभी अनुभाग के सीएसपी व थाना प्रभारियों के साथ साथी पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## उपलब्धि: एमजे स्कूल के बच्चों को साइंस ओलिंपियाड में मिली सफलता

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल जर्नल नॉलेज ओलिंपियाड में एम जे स्कूल के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। कक्षा 2, 3 और 5 के 10 विद्यार्थिओं ने कुणाल वशिष्ट, अल्तमश, नयन साहू, रीति सिंह ईशान, प्रत्युषा, प्रिंसी, धार्णा, आर्यन और ओम भारद्वाज ने सर्टिफिकेट और मेडल प्राप्त किया। प्राचार्या एच लक्ष्मी मैडम और स्कूल प्रबंधन ने इस हेतु सभी बच्चों को बधाई दी। एम जे स्कूल में रेगुलर पढाई के साथ साथ साइंस ओलिंपियाड एन टी एस सी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी भी करवाई जाती है।

## एबीवीपी का भीमराव अंबेडकर के निर्वाण दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन, उनके विचारों पर चलने का लिया संकल्प

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** कल्याण महाविद्यालय सेक्टर-7 इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर 'सामाजिक समरसता एवं सद्भावना दिवस ' विषय पर सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन कल्याण महाविद्यालय के सभागृह में किया गया।

जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. देव सेन एवं प्रदेश मंत्री मनोज वैष्णव व उप प्राचार्य एन.एस.पटेल सर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रदेश मंत्री मनोज वैष्णव ने बताया कि अभाविप सदैव बाबा साहेब भी.मराव अंबेडकर के बताए दिशानिर्देशों के आधार पर चलती आ रही है। प्रो. देव सेन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रदेश उपाअध्यक्ष बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जीवन संबंधी समस्त विषयों के संबंध में विस्तृत चर्चा व जानकारी दी गई।

उप प्राचार्य एन.एस पटेल सर ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के विचारों पर चलने का संकल्प दिलाया। इस सभी वक्ताओं के अलावा विभिन्न छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा अंबेडकर के बताएं रास्तों पर चलने और समाज के संबंध में अंबेडकर के द्वारा बताए गए समाज के पिछड़े एवं निचली जाति और जनजातियों को समाज के मुख्यधारा में जोडने के लिए प्रयासरत करने के लिए भी संकल्पित किया गया। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक नागेश्वर यादव, विभाग संयोजक पलाश घोष, आदित्य अभिषेक, अनुराग, अमन, कुणाल, आयुष, राहुल, हर्षिता, पूजा, नेहा, निधि, समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भारत रत्न डॉ बाबा साहेब अंबेडकर की 66 वी महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सुखद बुद्ध विहार वार्ड नंबर 15 अंबेडकर नगर सुपेला में भारतीय संविधान के शिल्पकार बोधिसत्व डॉ भीमराव रामजी आंबेडकर की 66 वी पुण्यतिथि मनाई गई जिसमे मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र यादव जी द्वारा बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर अगरबत्ती एवं मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके महान कार्यो और संघर्षो को याद किया इस दौरान कांग्रेस युवा नेता रोशन नंदेश्वर ,सभापति बंटी साहू, वैशाली नगर प्रभारी त्रिपाठी सर , समाज सेवी अप्पल नायडू, जिला सचिव हनी अंबादे , संजय देवांगन ,भानु प्रताप जंघेल ,कारण नंदेश्वर, अमित गजभिए , मनीष साहू, अजय देवांगन, अनिल अंबादे, विद्या अंबादे, गोपीचंद खोबरागडे, फूलचंद खोबरागडे ,सचिन जामुलकर, सहित समाज के लोगो ने मोमबत्ती जलाकर महापरिनिर्वाण दिवस मनाया।

## ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसेंसी का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफ्सिेंसी भारत सरकार द्वारा ऊर्जा, जल संरक्षण और कृषक को जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किये जाने निर्देश प्राप्त हुये थे। जिसके परिपालन में क्रेडा प्रधान कार्यालय रायपुर से प्राप्त स्वीकृति अनुसार दिनांक 21 नवंबर दिन को कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा दुर्ग में आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में देवेन्द्र देशमुख (अध्यक्ष, जनपद पंचायत दुर्ग) ने सौर ऊर्जा के महत्वों एवं उपयोग के बारे सारगर्भीत जानकारी दिया गया। ऊर्जा एवं जल संरक्षण के बारे में अवगत कर नयी तकनीकों के साथ कृषि किये जाने हेतु जागरूक किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ संजय शाक्य (निदेशक विस्तार शिक्षा कामधेनु वि.वि. अंजोरा) ने अपने अनुभव साझा करते हुये ऊर्जा एवं जल संरक्षण के महत्व को बताते हुये बचत हेतु किसानों को फसल चक्र परिवर्तन, गर्मी में धान के बदले अन्य फसल लेने हेतु कृषकों से आह्वान किया। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कुबेर सिंह ने सौर ऊर्जा के महत्व को बतलाते हुये सोलर पंप विद्युत विहिन क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान है, जिसके माध्यम से कृषि कार्य में पानी की आपुर्ति की जा सकती है तथा भू-जल स्त्रोत को रिचार्ज होने के लिए पर्याप्त समय मिलता है, जिससे जल का संरक्षण होता है। डॉ विकास खुणे (कार्यक्रम समन्वयक कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा) ने वर्तमान परिस्थिति में हमारी ऊर्जा की बढ़ती आवश्यकताओं एवं अनियंत्रित दोहन के कारण भविष्य में होने वाले ऊर्जा संकट से बचने के लिए तथा ग्रीन हाऊस प्रभाव के दुष्परिणाम से निजात पाने के लिए ऊर्जा की वैकलपिक स्त्रोत (सौर ऊर्जा) का अधिक से अधिक उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया है। मुकेश वासनिक (वरिष्ठ ऊद्यान विकास अधिकारी कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा) टपक एवं स्प्रींकलर द्वारा सिंचाई के साथ साथ विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपस्थित कृषकों को विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की।

#### मेगा रोजगार फेयर के लिए अब तक जिले से 5 हजार आवेदन सबमिट, कलेक्टर ने कहा -

# ज्यादा से ज्यादा लोगों से आवेदन लें

### 9 विभिन्न सेक्टरों में 46 हजार रिक्तियों के लिए राजधानी रायपुर में हो रहा मेगा फेयर

### समीक्षा बैठक में विभागवार योजनाओं की ली समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। राजधानी रायपुर में विभिन्न सेक्टरों में 46 हजार नियुक्तियों के लिए आयोजित होने वाले मेगा एंप्लायमेंट फेयर में अब तक 5 हजार से अधिक आवेदन दुर्ग जिले से आ चुके हैं। यह दुर्ग जिले के युवाओं के लिए भी बेहतर रोजगार अवसरों को प्राप्त करने का सुनहरा मौका है। युवाओं को इस संबंध में अधिक से अधिक जागरूक कराएं।**



अधिकारियों को यह निर्देश कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने दिये। उपसंचालक जनशक्ति नियोजन राजकुमार कुर्रे ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से और प्रशासनिक अमले के माध्यम से अधिकाधिक लोगों तक मेगा एंप्लायमेंट फेयर की जानकारी दी जा रही है।

तेजी से लोग इसमें फार्म भर रहे हैं। आज समीक्षा बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई, अरविंद एक्का, जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन, दुर्ग निगम आयुक्त लक्ष्मण तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। 10 दिसंबर तक आवेदन भरने की अंतिम तिथि, bit-ly/Jobfair-application लिंक पर क्लिक कर करें आवेदन- इस मेगा फेयर के लिए आवेदन करने bit-ly/Jobfair-application लिंक पर क्लिक कर सकते हैं। आवेदन 10 दिसंबर तक किया जा सकता है। जो 9 सेक्टर चिन्हांकित किये गये हैं उनमें एपारेल, बैंकिंग एंड फाइनेंशियल, आईटी-आईटीईएस, हेल्थकेयर, टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी, लाजिस्टिक, मैन्युफैक्चरिंग, रिटेल, सिक्युरिटी आदि शामिल है।

इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ और इसके बाहर भी नियुक्तियां मिल सकेंगी। अधिक जानकारी के लिए प्रतिभागी रोजगार कार्यालय के राहुल ध्रुव के मोबाइल नंबर 83499-34093 तथा हरदेव खरे के मोबाइल नंबर 97136-50249 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन तुंहर द्वार के जिला स्तरीय शिविर हिर्री और औंधी में- कलेक्टर ने प्रशासन तुंहर द्वार अभियान के अंतर्गत आयोजित किये जाने वाले शिविरों में आ रहे आवेदनों के बारे में भी पूछा। धमधा ब्लाक के हिर्री में शिविर का आयोजन 8 दिसंबर तथा पाटन ब्लाक के औंधी में शिविर का आयोजन 9 दिसंबर को होना है। कलेक्टर ने कहा कि जो आवेदन अब तक इन शिविरों के लिए आये हैं उनका विधिवत निराकरण कर लें ताकि निराकरण के संबंध में मौके पर ही ग्रामीणों को जानकारी दी जा सके। 26 दिसंबर से ग्राम पंचायतों में लगाये जाएंगे हेल्थ कैंप, हेल्थ चेकअप भी होगा - कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से भी विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत भेजे जा रहे मोबाइल मेडिकल वैन से लाभ लेने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रति कैंप 81 लोग आ रहे हैं। उसी तरह हाट बाजार में 111 का औसत दर्ज किया जा रहा है। 26 दिसंबर से निकुम के सभी ग्राम पंचायतों में हेल्थ कैंप लगाये जा रहे हैं। इनमें हेल्थ चेकअप भी होगा और ग्रामीणों का हेल्थ कार्ड भी बनेगा।

### दिशा की बैठक 30 को

सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 30 दिसंबर को कार्यालय जिला पंचायत दुर्ग के सभाकक्ष में दोपहर 2:00 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में सर्व शिक्षा अभियान से संबंधित, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैंठक में संबंधित विभागों की उपस्थिति अनिवार्य है।

## डॉ. अम्बेडकर की स्मृति में किया रक्तदान महिलाओं की संख्या ज्यादा रही

### डॉ. आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चलाई गई मुहिम का हिस्सा बना भिलाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चलाई गई मुहिम ब्लड फॉर अंबेडकर के अंतर्गत इस्पात नगरी भिलाई में भी मंगलवार को रक्तदान किया गया। यहां अंबेडकरवादियों ने मिल कर 95 यूनिट रक्तदान किया।**



शिविर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के डीआईजी के साथ जवानों ने भी रक्तदान किया। उल्लेखनीय बात यह रही कि इस रक्तदान शिविर में महिला रक्त दाताओं की संख्या काफी ज्यादा थी। सभी लोग बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर के नाम पर ब्लड देने को उत्साहित थे।

युवाओं और बुजुर्गों ने भी इस रक्तदान शिविर में अपना रक्तदान कर सहयोग किया तथा जो रक्तदान नहीं कर सकते थे वह व्यवस्था बनाने में अपना सहयोग कर रहे थे।

यह रक्तदान शिविर सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक डॉक्टर आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 भिलाई में विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किया गया। इस मुहिम में रक्तदान करने वालों का हौसला बढ़ाने मुस्लिम समाज संगठन अल मदद संगठन की सदस्य तथा ईसाई समुदाय के साथियों ने अपनी उपस्थिति देकर कौमी एकता की मिसाल कायम की। भिलाई दुर्ग के सभी धर्मों और संप्रदाय के लोगों ने डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें आदरांजली और श्रद्धांजलि रक्तदान के साथ दी। विभिन्न संस्थाओं, समितियों तथा कुछ लोगों ने व्यक्तिगत रूप से भी सहयोग देकर रक्त दान दाताओं और धम्म सेवकों के लिए फल ,ग्लूकोज पाउडर ,नारियल पानी ,बिस्कुट, चाय और खाने का इंतजाम,बैज, सर्टिफिकेट तथा सेल्फी प्वाइंट उपलब्ध कराकर कार्यक्रम को सुचारू रूप देने में सभी ने सहयोग दिया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950